


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 198 | ग्वालियर शनिवार 25 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


# देश में कोरोनावायरस पीड़ितों की संख्या 13 लाख के पार

## मृतकों की संख्या का आंकड़ा 31,398 के पार

**नई दिल्ली ।** भारत में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या अब 13 लाख के पार पहुंच गई है। शुक्रवार को रात 10 बजे तक 47,229 नए संक्रमित मिलने के साथ ही पीड़ितों की संख्या 13,35,210 हो गई। शुक्रवार को कोरोना के चलते 753 लोगों की मौत हुई और मृतकों की संख्या का आंकड़ा भी 31,398 हो गया। देश के परिदृश्य पर नजर डालें तो महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों में अब संक्रमण तीव्रता से फैल रहा है। यह ऐसे राज्य हैं जिनमें पीड़ितों की संख्या प्रतिदिन 5,000 से ऊपर आ रही है। शुक्रवार को महाराष्ट्र में 9,615 तमिलनाडु में 6,785 कर्नाटक में 5,007 और आंध्रप्रदेश में 8,147 नए संक्रमित मिले। इस प्रकार इन राज्यों में ही कुल मिलाकर 29,554 नए संक्रमित मिले। जो कि शुक्रवार को मिले संक्रमित मरीजों की संख्या का लगभग 62त्न है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि देश के अधिकांश मरीज अब इन चारों राज्यों से मिल रहे हैं। हालांकि तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, बिहार, ओडिशा और गुजरात में भी संक्रमण तेजी से फैल रहा है। शुक्रवार को उत्तरप्रदेश में 2,267, पश्चिम बंगाल में 2,216, गुजरात में 1,068, तेलंगाना में 1,640 और बिहार में 1,820 नए





कोरोनावायरस संक्रमित मिले। इन राज्यों में कुल मिलाकर 9,011 संक्रमित मिले जो कि महाराष्ट्र में मिले संक्रमित मरीजों की संख्या के लगभग बराबर है। इस प्रकार महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान, बिहार और उड़ीसा में शुक्रवार को 81.65 प्रतिशत मरीज मिले। बाकी प्रदेशों में कुल 8,704 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। एहतियात के तौर पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों ने कई शहरों में 7 से लेकर 10 दिन का लॉकडाउन घोषित कर दिया है। किंतु महाराष्ट्र जैसे प्रदेश में मॉल खोलने के तैयारी भी की जा रही है, जबकि वहां कोरोना का फैलाव चिंताजनक स्थिति में पहुंच चुका है। देश में अब तक 8,48,828 लोग कोरोना से मुक्ति पा चुके हैं और 4,54,760 संक्रमित मरीजों को घर पर अथवा अस्पतालों में इलाज दिया जा रहा है। लेकिन उपरोक्त राज्यों को छोड़कर बाकी राज्यों में भी लगातार संक्रमण बढ़ रहा है। शुक्रवार को राजस्थान में 958, हरियाणा में 780, मध्यप्रदेश में 736, केरल में 885, जम्मू और कश्मीर में 353, पंजाब में 477, छत्तीसगढ़ में 449, उत्तराखंड में 272, गोवा में 190 और हिमाचल प्रदेश में 120 नए संक्रमित मरीज मिले। बाकी राज्यों में नए संक्रमित मरीजों की संख्या दहाई में आई सारे देश का आंकलन किया जाए तो दिल्ली रिकवरी के मामले में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां का रिकवरी रेट 86.40 प्रतिशत हो चुका है जो कि न केवल देश में सर्वाधिक है बल्कि इसको देखकर प्रतीत हो रहा है कि दिल्ली जल्द ही कोरोना पर विजय पा लेगा। किंतु महाराष्ट्र जैसे राज्यों में रिकवरी अपेक्षाकृत कम होने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त भार आ गया है। वहीं कुछ राज्य ऐसे हैं जिन्होंने अस्पताल में बिस्तरों की कमी पड़ने की आशंका में कुछ शहरों में लॉकडाउन लगाया है। कहा जा रहा है कि देश के कुछ राज्यों के पास कोरोना से निपटने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य अधोसंरचना नहीं है जो कि चिंताजनक है।

## दिल्ली में जल्द चलेगी मेट्रो, केजरीवाल ने दिए संकेत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लगता है कि देश की राजधानी के करीब एक तिहाई लोग इम्युनिटी हासिल चुके हैं। उन्होंने दिल्ली में सुधर रहे हालात का जिक्र करते हुए मेट्रो सर्विस शुरू करने के भी संकेत दिए। सीएम केजरीवाल ने कहा कि उनका अनुमान है कि दिल्ली अब हर्ड इम्युनिटी की ओर बढ़ रही है। हर्ड इम्युनिटी कोरोना संक्रमण की वह स्थिति है, जिसमें अधिकतर आबादी (कम से कम 60 से 70 प्रतिशत आबादी) संक्रमण के चपेट में आ जाती है और उसके शरीर में बीमारी से लडऩे के लिए एंटी-बॉडीज तैयार हो जाती है। उन्होंने कहा कि अब उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली में और लॉकडाउन न लगाना पड़े। केजरीवाल ने यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि दिल्ली मेट्रो सेवाएं शुरू करने के लिए भी तैयार थी।

### राजस्थान : सियासी संकट

## विधानसभा सत्र बुलाने पर अड़े कांग्रेसी विधायक, धरने पर बैठे

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट से सचिन पायलट गुट को राहत मिलने के बाद अब अशोक गहलोत कैंप में हलचल तेज हो गई है. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से विधानसभा सत्र बुलाने की मांग की गई. सूत्रों की माने तो राज्यपाल कलराज मिश्र ने अभी कोरोना संकट का हवाला देते हुए इनकार कर दिया है, जिसके बाद विधायक धरने पर बैठ गए. अशोक गहलोत ने कहा, हम लोग सोमवार से विधानसभा शुरू करना चाहते हैं, वहां दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा. हमारे पास स्पष्ट बहुमत है, हमें कोई दिक्कत नहीं है. चिंता हमें होनी चाहिए सरकार हम चला रहे हैं, परेशान वो हो रहे हैं. अशोक गहलोत ने अक्रामक बयान देते हुए कहा कि अगर राज्यपाल ने विधानसभा सत्र बुलाने की अनुमति नहीं दी तो जनता राजभवन का घेराव करने पहुंत सकती है उसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी. राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट की लड़ाई पर हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया. पायलट गुट के लिए राहत भरी खबर है. कोर्ट ने कहा कि यथास्थिति बरकरार रहेगी, यानी 14 जुलाई को स्पीकर ने जो नोटिस दिया था, उस पर स्पीकर कोई कार्रवाई नहीं करे. स्पीकर ने सचिन पायलट सहित कांग्रेस के 19 बागी विधायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसके खिलाफ विधायक हाईकोर्ट पहुंच गए थे. इस मामेल में केंद्र को पक्षकार बनाने की पायलट खेमे की याचिका को कोर्ट ने मंजूर कर लिया है. हाईकोर्ट ने कहा, यथा स्थिति बरकरार रहेगी. यानी अभी जो स्थिति है वही रहेगी.



## उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा को लेकर अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं को दी मंजूरी

**देहरादून।** चारधाम यात्रा ो लेकर अच्छी खबर है. उत्तराखंड सरकार ने अब अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं के लिये चारधाम यात्रा की मंजूरी दे दी है. उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम् बोर्ड के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रवि नाथ रमन ने शुक्रवार 24 जुलाई को इस संबंध में जानकारी दी. सरकार ने इसके लिए नई गाइडलाइंस जारी कर दी हैं. चारधाम देवस्थानम बोर्ड की वेबसाइट पर आवेदन के बाद पास जारी किये जाएंगे. आपको बता दें कि अनलॉक वन के दौरान उत्तराखंड सरकार ने सिर्फ स्थानीय व राज्य के निवासियों को ही इसकी अनुमति दी थी. नई एसओपी के तहत दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालुओं को 72 घंटे के भीतर करवाई गई कोरोना जांच की रिपोर्ट अपने साथ लानी होगी. देवस्थानम बोर्ड की वेबसाइट पर भी बाहर से आ रहे श्रद्धालुओं को रजिस्ट्रेशन कराना होगा, यहां आईडी के साथ-साथ कोविड-19 की नेगेटिव रिपोर्ट अपलोड करने के बाद ही पास जारी होगा. देवस्थानम बोर्ड के सीईओ ने बताया कि कोरोना जांच रिपोर्ट न होने पर चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालु को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार क्वॉरंटीन होना होगा. साथ ही क्वॉरंटीन अवधि पूरा करने का प्रमाण पत्र भी देवस्थानम बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा. आपको बता दें कि धार्मिक स्थलों को खोलने की मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा के संबंध में कोई भी फैसला लेने का जिम्मा उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम बोर्ड को सौंप दिया था. इससे पहले उत्तराखंड के श्रद्धालुओं को ही यात्रा की इजाजत दी गई थी पहले चरण में बोर्ड ने चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों के निवासियों को अपने-अपने धामों में दर्शन की इजाजत दी.



### मौसम विभाग की चेतावनी

## एमपी के बारिश का अलर्ट, बिजली गिरने की चेतावनी

**भोपाल।** मौसम विभाग ने राज्य के बारह ज़िलों में भारी बरसात की चेतावनी दी है. इसके साथ ही राज्य के पाँच संभागों के साथ ही दो ज़िलों में आगामी 24 घंटों में बिजली चमकने और गिरने की चेतावनी दी गई है.पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में अनेक स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई. प्रदेश के जिन स्थानों पर भारी बरसात हुई उनमें बरोद में 11 से.मी., मेहदवानी में 10 से.मी., भीमपुर में 9 से.मी., गोहरगंज और आगर में 7-7 से.मी, डिंडोरी एवं भीकनगांव में 6-6 से.मी., रेहटी, सेंधवा, गुलाना, सैलाना, लाजी एवं बाजाग में 5-5 से.मी. वर्षा दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के जबलपुर, शहडोल, इंदौर संभागों के जिलों में अनेक स्थानों पर वर्षा या गरज चमक के साथ-साथ बौछारे पड़ सकती हैं. वहीं रीवा, सागर, भोपाल, होशंगाबाद, उज्जैन, ग्वालियर एवं चंबल संभागों के जिलों में कुछ स्थानो पर वर्षा या गरज चंमक के साथ-साथ बौछारे गिरने का अनुमान है. मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, बैतूल, अनूपपुर, डिंडोरी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सिंगरौली, सीधी, होशंगाबाद एवं शिवपुरी में कही-कही भारी वर्षा की चेतावनी दी है. वहीं राज्य के ग्वालियर, चंबल, रीवा, इंदौर, एवं होशंगाबाद संभागों के जिलों में व छिंदवाडा एवं अनूपपुर जिलों में गरज चमक के साथ बिजली चमकने और गिरने की चेतावनी दी है.



## उत्तर प्रदेश में जंगलराज, योगी सरकार का गुंडों के सामने समर्पण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही हत्याओं एवं अपराधिक घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी को सीधे निशाने पर लिया है। प्रियंका ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार गुंडों के सामने समर्पण कर चुकी है। यहां पर जंगल का राज स्थापित हो चुका है। कानून व्यवस्था की स्थिति उ.प्र में दम तोड़ चुकी है। घर हो या सड़क अथवा कार्यालय कोई भी आदमी अब कहीं पर भी सुरक्षित नहीं है। पत्रकार विक्रम जोशी तथा कानपुर से अपहृत संजीत यादव की हत्या को उन्होंने पुलिस की मिलीभगत बताया है। अपहरणकर्ताओं को पैसे दिलाने के बाद भी संजीत यादव की हत्या को उन्होंने गुंडों के सामने समर्पण बताया है।




## अफगानिगस्तान : सुरक्षा बलों ने 24 तालीबानी लड़ाकों को किया ढेर, 27 गंभीर रूप से घायल

**काबुल.** अफगानिस्तान में शांति बहाली को लेकर अमरीका और तालिबान के बीच एक समझौता हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद भी हमलों को सिलसिला जारी है. दूसरी तरफ तालिबानी लड़ाकूओं के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान लगातार जारी है. इसी कड़ी में अफगानिस्तान ने तालिबान पर एक बड़ी जीत हासिल की है. अफगान सुरक्षा बलों ने एक कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ में कम से कम 24 तालिबानी लड़ाकूओं को मार गिराया है. जबकि इस मुठभेड़ में 27 तालिबानी लड़ाकू गंभीर रूप से घायल हुए हैं. अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जाबूल प्रांत के अरघान दाब, शिंकजी और शाह जोई जिलों में अफगानी सैनिकों के साथ मुठभेड़ में कम से कम 24 तालिबानी लड़ाकू मारे गए हैं और 27 गंभीर रुप से घायल हो गए हैं. फिलहाल इस घटना को लेकर तालिबान की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. आपको बता दें कि इस सप्ताह के शुरूआत में ही पूर्वी अफगानिस्तान में हवाई हमलों में तालिबानियों समेत 45 नागरिकों की मौत हो गई थी. स्थानीय अधिकारियों ने बताया था कि पूर्वी अफगानिस्तान में हवाई हमलों में तालिबानियों समेत 45 लोगों की मौत हुई है. हेरात प्रांत के एड्रास्कन जिले के गवर्नर अली अहमद फ़कीर यार ने बताया कि मरने वालों में कम से कम आठ नागरिक थे. उन्होंने कहा, सुरक्षाबलों ने खाम जियारत क्षेत्र में तालिबानियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए हवाई हमले किए जिसमें अब तक 45 लोग मारे गए हैं.



### बाबरी विध्वंस मामला

## सीबीआई कोर्ट ने पूछे 100 से ज्यादा सवाल; जवाब में बोले आडवाणी- मैं निर्दोष हूं



**लखनऊ।** अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाने के मामले में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीबीआई की विशेष अदालत में अपना बयान दर्ज कराया. 24 जुलाई शुक्रवार की सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चली सुनवाई में उनसे करीब 100 सवाल पूछे गए. ज्यादातर सवालों के जवाब में आडवाणी ने कहा कि उस समय की कांग्रेस सरकार ने उन्हें साजिशन फंसाया था. वे पूरी तरह निर्दोष हैं. इस प्रकरण में अब दो आरोपियों के बयान दर्ज होना बाकी हैं. गुरुवार को मुरली मनोहर जोशी का बयान दर्ज हो चुका है. उन्होंने भी अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाने के मामले में 6 दिसंबर 1992 को थाना राम जन्मभूमि में एफआईआर दर्ज की गई थी. सीबीआई ने 49 आरोपियों के खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी. इनमें 17 आरोपियों की मौत हो चुकी है. चार्जशीट में आडवाणी, उमा भारती, कल्याण सिंह, अशोक सिंघल, डॉ. मुरली मनोहर जोशी, विनय कटियार, साध्वी ऋतंभरा समेत 13 नेताओं के नाम हैं. सुप्रीम कोर्ट ने 8 मई को सीबीआई की विशेष कोर्ट को 31 अगस्त तक सुनवाई पूरी करने का निर्देश दिया था. कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गवाहों के बयान दर्ज करने का भी आदेश दिया था.


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# सभी जिलों में कोरोना संबंधी गाइडलाइन का सख्ती से पालन किया जाए

## मुख्यमंत्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना के बढ़ते हुए प्रकरणों को देखते हुए सभी जिलों में कोरोना संबंधी गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया जाए। जिलों में प्रभारी अधिकारी एवं सभी कलेक्टर्स कोरोना रणनीति आई.आई.टी.टी. (आईडेंटिफाई, आयसोलेट, टेस्ट एण्ड ट्रीट) का प्रभावी क्रियान्वयन करें। जिन जिलों में टैस्टिंग कम है, वहां टैस्टिंग बढ़ाई जाए। जिलों की परिस्थिति अनुरूप होम क्वारेंटाइन व संस्थागत क्वारेंटाइन किया जाए। कोरोना अस्पतालों में सर्वोत्तम इलाज किया जाए। जनता को मास्क पहनने, फिजिकल डिस्टेंसिंग रखने, भीड़ न लगाने आदि के लिए जागरू ?क किया जाए तथा ऐसा न करने पर जुर्माने आदि की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, प्रमुख सचिव श्री फैज अहमद किदवई उपस्थित थे। छतरपुर जिले की समीक्षा में पाया गया कि गत 7 दिनों में 113 कोरोना के नए मरीज मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंटरस्टेट बॉर्डर पर निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। बाहर से आने वालों की हैल्थ स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से की जाए। जिले में खनिज के अवैध परिवहन को भी सख्ती से रोके जाने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए। जिले में अभी 210 पॉजीटिव तथा 113 एक्टिव मरीज हैं, 95 मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। बड़वानी जिले की समीक्षा में पाया गया कि गत 7 दिनों में 95 नए केस आए हैं। जिले की टैस्टिंग प्रति दिन 3843 है, जबकि मध्यप्रदेश की 8150 व्यक्ति प्रतिदिन है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले में कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। कोरोना की जिलेवार समीक्षा में पाया गया कि प्रदेश में सर्वाधिक 177 नए प्रकरण भोपाल में आए है। इसके बाद इंदौर में 99, ग्वालियर में 63, मुरैना में 49, छतरपुर में 30, जबलपुर में 28, विदिशा में 25, उज्जैन में 24, नीमच में 20, बड़वानी में 20, झाबुआ में 18, रीवा में 17 तथा होशंगाबाद में 16 नए मरीज मिले हैं। दमोह में 25 टैस्ट में 13 नए पॉजीटिव मरीज मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इन सभी जिलों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। सतना जिले की समीक्षा में पाया गया कि मैहर में नए प्रकरण आ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि इस बात का सभी जिले ध्यान दें कि मंदिरों एवं उपासना स्थलों में एक बार में 5 से अधिक व्यक्ति न जाएं।




# मुख्यमंत्री चौहान को एग्रो निगम द्वारा लाभांश चेक भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को मंत्रालय में एग्रो इंडस्ट्रीज निगम द्वारा 2 करोड़ 64 लाख 85 हजार 618 रुपए का लाभांश चेक भेंट किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कारपोरेशन की ओर से लाभांश का चेक भेंट किया। राज्य सरकार के इस सरकारी उपक्रम की कुल प्रदत्त समता अंश पूंजी 3 करोड़ 29 लाख 49 हजार 800 रुपए है। इसमें राज्य शासन की अंशदान राशि दो करोड़ 9 लाख 49 हजार 800 है और भारत शासन की अंशदान राशि 1 करोड़ 20 लाख रुपए है। निगम ने वर्ष 2017- 18 में 966 .68 करोड़ का व्यवसाय किया है। एग्रो निगम द्वारा निरंतर डिविडेंड का भुगतान राज्य सरकार को किया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य शासन से प्राप्त ऋण और ब्याज का पूर्ण भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन वर्ष 2017 - 18 की स्थिति में 188.46 करोड़ के संचित लाभ में है। मुख्यमंत्री श्री चौहान को निगम की गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान को चेक भेंट किए जाने के अवसर पर प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक एमपी एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन श्रीकांत बनोठ भी उपस्थित थे।

## हेलो आशा फोन इन कार्यक्रम 4 अगस्त को

**भोपाल।** शिशु स्वास्थ्य, स्तनपान विषय पर हेलो आशा फोन इनकार्यक्रम मंगलवार 4 अगस्त 2020 को दोपहर 1.00 से 2.00 बजे के मध्य आकाशवाणी भोपाल से प्रसारित किया जायेगा। कार्यक्रम प्रसारण के दौरान श्रोता आकाशवाणी के फोन न. 0755-2660902, 2660903 पर अपने सवाल पूछ सकते है। सभी आशा कार्यकर्ता, महिला स्वास्थ्य एवं ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता को ग्राम आरोग्य केन्द्र में बैठकर स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के साथ खुद सुनने तथा गाँव के अन्य लोगों को कार्यक्रम की जानकारी देकर सुनने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए है, साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी करवाने के लिये कहा गया है।

# प्यारे मियां पर चार सौ बीसी का एक और मामला दर्ज

**भोपाल।** नाबालिगों से यौन शोषण के मामले मे रिमांड पर चल रहे आरोपी प्यारे मियां पर पुलिस एक और धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने की तैयारी में है। पुलिस के अनुसार फरियादी एस एन सिहं अध्यक्ष लेक व्यू इन्क्लेव अपार्टमेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने शिकायती आवेदन देते हुए कि प्यारे मिया के दारा गटित ई ब्लाक लेक व्यू इन्क्लेव अपार्टमेन्ट वेल फेयर सोसायटी मे आरोपी प्यारे मिया द्वारा अपने घर के सदस्यो के नाम पर और सोसायटी के अन्य लोगो को बिना कोई जानकारी दिये ई ब्लाक वेल फेयर सोसायटी गठित कर अंसल अपार्टमेन्ट के ई ब्लाक की छत पर भारती एयरटेल लिमिटेड का टावर लगवाकर साल 2011 से लेकर आज तक लगभग 60 लाख रूपये भारती एयरटेल लिमिटेड से प्राप्त किये व सोसायटी के लिए कोई काम नही कराया गया। इसके साथ ही आरोपी समय समय पर सोसायटी की मिटिंग मे फर्जी लोगो के नाम व हस्ताक्षर बनाकर आडिट रिपोर्ट रजिस्ट्रार कार्यालय मे जमा करता रहा। शिकायती आवेदन की जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी प्यारे मिया एंव उनकी पत्नि तनवीर फातिमा व बदरून्निसा तथा पुत्र शाहनवाज खान के द्वारा धोखाधडी कर सोसायटी के नाम पर मिले पैसो का दुरूपयोग किया गया। जांच के आधार पर पुलिस श्मायला हिल्स पुलिस ने आरोपी प्यारे मियां व उनकी पत्नि तनवीर फातिमा व बदरून्निसा तथा पुत्र शाहनवाज खान के खिलाफ 173/20 धारा 420, 406 के तहत मामला कायम कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

# क्लस्टर बेस्ड अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएँ फिर शुरू करने पर होगा विचार

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री सिंह ने दिये निर्देश

**भोपाल ।** क्लस्टर आधारित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएँ फिर से शुरू करने पर विचार करें। इस संबंध में जल्द रिपोर्ट दें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने यह निर्देश स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की समीक्षा के दौरान दिये। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट लगाने में नगरीय निकाय पर कोई व्यय भार नहीं आयेगा। यूनिट लगाने के लिये कुल लागत का 35 प्रतिशत केन्द्र सरकार, 23.3 प्रतिशत राज्य सरकार और शेष राशि यूनिट लगाने वाला जन निजी भागीदार देगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय केवल सरकारी अनुदान पर ही नहीं चल सकते। उन्हें आय के साधन बढ़ाने होंगे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के अध्यक्ष, कमिश्नर और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से निकाय की आय बढ़ाने के संबंध में प्रस्ताव लें। इन प्रस्तावों का अध्ययन कर तुलनात्मक चार्ट तैयार करें, जिससे आगामी कार्यवाही की जा सके। स्टाम्प ड्यूटी पर निकायों का शेयर प्रतिमाह मिलना चाहिये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि खाली जमीन के मॉनीटाइजेशन पर भी विचार कर सकते हैं। विकास कार्यों के लिये निकाय द्वारा लोन लेने के प्रावधानों का भी परीक्षण किया जाये। मंत्री श्री सिंह ने स्वच्छता मिशन की समीक्षा के दौरान राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित राशि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शेष राशि प्राप्त करने के लिये तत्काल प्रस्ताव तैयार करें। आयुक्त नगरीय प्रशासन और विकास श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली।

## आई.टी.आई. प्रवेश प्रारंभ, रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग 31 जुलाई तक

**भोपाल।** अगस्त 2020 से प्रारंभ नए शैक्षणिक सत्र में शासकीय एवं निजी आई.टी.आई. में प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया एक जुलाई से प्रारंभ है। संचालक, कौशल विकास एस. धनराजू ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय अथवा प्राइवेट आई.टी.आई में प्रवेश के लिए अभ्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 61 हजार 499 रजिस्ट्रेशन तथा 55 हजार 755 अभ्यार्थियों ने च्वाइस फिलिंग की है। श्री धनराजू ने बताया कि इस सत्र में अन्य राज्यों के आवेदकों के प्रवेश की व्यवस्था निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि एम.पी. ऑनलाइन में रजिस्ट्रेशन तथा त्रुटि सुधार एवं इच्छित संस्थाओं में व्यवस्थाओं की प्राथमिकता के क्रम का विकल्प तथा च्वाईस फिलिंग में त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल पर व्यवस्था निर्धारित की गई है। इस सत्र में आवेदक 100 विकल्प भर सकते है। श्री धनराजू ने बताया कि प्रवेश की कार्यवाही मेरिट अनुसार निर्धारित है।

## लॉकडाउन में खपाने के लिए बड़ी मात्रा मे रखी गई शराब जब्त

**भोपाल।** शुक्रवार की रात आठ बजे से भोपाल में लगने वाले लॉकडाउन के दौरान महंगी शराब बेचने के लिए अवैध रूप से घर में छिपाकर रखी सवा दो लाख रुपए की शराब को छोला थाना पुलिस ने जब्त किया है। जब्त की गई शराब के कार्टून में उत्तर प्रदेश के लिए डिलेवरी करना लिखा है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उत्तर प्रदेश में बेची जाने वाली शराब इतनी भारी मात्रा में भोपाल कैसे पहुंची। छोला थाना पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी, कि एक व्यक्ति अपने निवास में भारी मात्रा में अवैध शराब जमा कर रहा है। पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर भानपुर रोड स्थित एक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में दबिश दी तो एक लैट में उत्तर प्रदेश में बिकने वाली महंगी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह फ्लैट राजू कनाडे पिता प्रेमलाल कनाडे (45) किराये पर ले रखा है। राजू मूलत~ टैक्सी चालक है। पुलिस ने राजू के ठिकाने से द ग्रेट लिवेट, जॉनी वॉकर, शिवाज रीगल, हंड्रेड पाइपर, रॉयल ब्लेंड गोल्ड, सीग्राम ब्लेंडर प्राइड, रॉयल चैलेंज गोल्ड, रॉयल स्टेज क्लासिक और 9 पेटी शराब के क्वार्टर जब्त किए हैं, जो उत्तर प्रदेश में बिकने योग्य थे। शराब की कीमत सवा ढाई लाख से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने पूछताछ में बताया कि शुक्रवार रात से लगने वाले लॉकडाउन में शराब की दुकानें बंद रहेंगी, ऐसे में वह लॉकडाउन के दौरान पडने वाले त्यौहारों व अन्य दिनों में वह शराब को महंगे दामों पर बेचने के लिए स्टॉक करके रखा था।

## चुनावी मैदान में उतरे कंप्यूटर बाबा

# शिवराज सरकार के खिलाफ शुरू की लोकतंत्र बचाओ यात्रा

**भोपाल।** पूर्व कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कम्प्यूटर बाबा उपचुनाव के सियासी मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने लोकतंत्र बचाओ यात्रा शुरू कर दी है। उनकी यह यात्रा ग्वालियर से निकाली गई, जो उन सभी विधानसभा सीटों पर जायेगी, जहां चुनाव होना है। उन्होंने कहा कि उप चुनाव में बीजेपी की सरकार को उखाड़ फेंकने लिए जनता के बीच जाएंगे। जनता को सरकारों के बारे में बताया जाएगा कि किस सरकार ने कैसा काम किया और बीजेपी सरकार अब क्या काम कर रही है। उसने किस तरीके से खरीद-फरोख्त के जरिए विधायकों को अपने पाले में किया और लोकतंत्र की हत्या की।




कंप्यूटर बाबा की यात्रा कमलनाथ के पक्ष में रहेगी उन्होंने कहा कि उनकी साधु-संतों की टीम जनता को बताएगी कि कमलनाथ सरकार सभी धर्म और समाज को लेकर काम कर रही थी, लेकिन बीजेपी ने उसे गिराने का काम किया है। लोकतंत्र बचाओ यात्रा में संत समाज लोगों को जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए प्रदेश के सभी उपचुनाव वाली विधानसभा सीटों की यात्रा की जा रही। संत समाज पूरे समय उनके साथ रहेंगे। कम्प्यूटर बाबा ने कहा कि उपचुनावों के दौरान आमजन को जागरूक करने का काम किया जाएगा। आमजन को बताया जाएगा कि कमलनाथ सरकार शुद्ध के लिए युद्ध जैसा अभियान से मिलावटखोरों की नींव हिला दी थी। इसी तरह जमीन माफिया के खिलाफ भी कार्रवाई की थी।

## कोरोना का संकट

कोरोना संक्रमण से उपजे संकट पर काबू पाने के लिए जब समूचे देश में लॉकडाउन लागू किया गया था, तब उम्मीद यही थी कि इसके फैलने पर लगाम लगाई जा सकेगी। लेकिन अब चार महीने के बाद ऐसा लगता है कि लॉकडाउन लागू होने के बावजूद कोरोना के संक्रमण को रोक पाने में पर्याप्त कामयाबी नहीं मिल पाई है। बल्कि शुरुआती दौर में इसके फैलने के रफ्तार पर जितनी चिंता जताई जा रही थी, आज उसके मुकाबले उसमें कई गुना ज्यादा बढ़ोतरी हो चुकी है। सवाल है कि आखिर बचाव के तमाम और सबसे सख्त कवायदों के बावजूद कोरोना वायरस के संक्रमण के तेजी से फैलने पर काबू पाना मुश्किल क्यों बना हुआ है। इसके फैलने की जो वजहें हैं और अब तक उससे बचाव के जो उपाय बताए गए हैं, क्या उसमें कोई कोताही बरती जा रही है, जिसकी वजह से स्थिति बेलगाम होती जा रही है? इस वायरस के संक्रमण का जो स्वरूप रहा है, उसके मुताबिक इससे बचने के लिए बेवजह घर से नहीं निकलने, लोगों का आपस में कुछ दूरी बरतने, मुंह और नाक को ढकने के लिए मास्क लगाने और हाथ ठीक से धोने जैसे साधारण उपाय बताए गए थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जब शुरुआत में पूर्णबंदी लागू की गई थी तब लगभग समूचे देश में इसके सावधानी से पालन को लेकर सतर्कता और जागरूकता देखी गई थी। लेकिन ऐसा लगता है कि पूर्णबंदी के लंबा खिंचते जाने के साथ-साथ लोगों के बीच जरूरी सावधानियों को लेकर कुछ लापरवाही आई। खासतौर पर जब से पूर्णबंदी में थोड़ी राहत दी गई, तब से लोगों ने ज्यादा कोताही बरतनी शुरू कर दी। कुछ राज्यों में बचाव के नियमों का पालन कराने और इलाज की समुचित व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी चौकस नहीं रहा। तो क्या यही वजह है कि अब संक्रमण की रफ्तार में तेजी आ गई? हो सकता है कि पूर्णबंदी के लंबा खिंचने के दौर में बहुत सारे लोगों की रोजी-रोटी पर असर पड़ा हो, इसलिए सरकार ने सावधानी बरतने की चेतावनी के साथ लॉकडाउन में ढील दी। लेकिन इस राहत के बाद लोगों में मनमानी और लापरवाही देखी गई। यह एक बड़े और व्यापक खतरे की अनदेखी है, जो अगर इसी तरह की जाती रही तो आने वाला समय भयावह साबित हो सकता है! इसके संकेत अभी से मिलने लगे हैं जिसमें रोजाना के संक्रमण और मौतों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बल्कि कई हलकों से सामुदायिक संक्रमण की स्थिति की भी आशंका उभरने लगी है। हालांकि बढ़ते संक्रमण के बीच यह भी तथ्य है कि संक्रमित मरीजों के ठीक होने की रफ्तार बढ़ी है। ये अच्छे संकेत हैं। लेकिन अगर इससे बचाव के इंतजामों में लापरवाही बरती गई तो स्थिति फिर बिगड़ सकती है। इसलिए न केवल सरकार को इस मसले पर गंभीरता बनाए रखने की जरूरत है, बल्कि आम लोगों को भी इससे संबंधित नियमों के पालन को लेकर सतर्क रहना चाहिए।

# इंसान के 'कुकर्म' की ईश्वर से शिकायत

खून से लथपथ तीन साल के बच्चे ने मरने से ठीक पहले ऐसी बात कही कि सुनकर किसी का भी दिल कांप जाए। इस बच्चे ने डॉक्टरों से कहा, 'मैं भगवान से तुम सबकी शिकायत करूंगा। मैं उसे सब कुछ बताऊंगा।'
सीरिया बम हमले में घायल बच्चे को काफी चोटें आई थीं और अंदरूनी ब्लीडिंग के कारण उसकी मौत हो गई। मरने से पहले दर्द से कहराते हुए उसने कहा कि अब वह भगवान से सबकी शिकायत करेगा। कुछ वर्ष पहले ये घटना घटित हुई, हालांकि इसको लेकर वाद-विवाद भी



चला। किसी ने इस घटना को ग़लत भी बताया। लेकिन सोचने का विषय यह है कि आज भी जब किसी निर्दोष पर अत्याचार होता होगा तो भगवान से शिकायत नहीं करता होगा क्या? क्या ऐसे व्यक्तियों की शिकायतें भगवान के पास नहीं पहुंचती होगी? यदि नहीं तो ज़रा सोचो इस पृथ्वी पर अनेक प्रकार के जीव-जंतु, कीट-पतंग, कीटाणुओं की लाखों प्रजातियां हैं पर वैश्विक महामारी ने केवल इंसान को ही क्यों चुना? क्योंकि ये सब उन निर्दोषों की शिकायतों का परिणाम हैं, जिनको मनुष्य ने बेमौत मार दिया। आज दुनिया की परिस्थिति को देखकर लगता है उस बच्चे की शिकायत भगवान ने सुन ली है और उसकी सजा भी इंसानों को मिल रही है। हालांकि यह सजा इंसानों के लिए बिल्कुल नगण्य है। इंसानों की निर्दयता को देखकर लगता है कि ऐसी शिकायतें अनगिनत संख्या में भगवान के पास पहुंची होंगी। चीन में हाल ही में लाखों जीव-जंतुओं को मौत के घाट उतार दिया गया। उनकी चीख भगवान तक नहीं पहुंची होगी क्या? आज अपने देश में भी कुछ आदमखोर दरिंदों के द्वारा छोटी-छोटी बच्चियों के साथ कुकृत्य करना भगवान तक नहीं पहुंचता होगा क्या? आज भी अपने देश में धर्म अथवा मजहब के नाम पर लड़ाई होती रहती है, कभी बेटियां बचाने अथवा पर्यावरण बचाने के लिए ऐसी लड़ाई लड़ी है क्या? हाँ जरूर सोशल मीडिया पर अनेक पोस्ट की हैं, जिनका आज की स्थिति में कोई औचित्य नहीं रहा! आज केवल पर्यावरण दिवस पर ही पर्यावरण की बातें होती हैं। उस दिन एक गमले में पौधा लगा दिया जाता है और उसके साथ फोटो लेकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया जाता है। बाद में वो फोटो ही जीवित रहते हैं पौधा नहीं! निर्भया जैसी बेटी के साथ दरिंदगी करने वालों को सात साल बाद सज़ा मिलना देश की न्याय प्रणाली पर सवाल उठाता है! ज़रा सोचो, यदि निर्भया की मां ने दिन-रात संघर्ष नहीं किया होता तो उन जालिमों को सज़ा मिलती? ऐसी कितनी ही निर्भया हैं, जिनको आज तक न्याय नहीं मिल पाया है। उन सबकी शिकायत अवश्य ऊपर पहुंचती होगी! आज के समय की सबसे बड़ी बात कोरोना महामारी की वैक्सीन बनाने के लिए निर्दोष जीव-जंतुओं का प्रयोग किया जा रहा है जबकि इसका प्रयोग बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों पर करना चाहिए। आज अमूमन हर व्यक्ति गुटखा खाते हुए कैंसर का ज्ञान दे रहा है। यही बात पर्यावरण के बारे में भी है जो सोशल मीडिया तक ही सीमित है। यदि यही हाल पर्यावरण का रहा तो दुनिया में वह दिन दूर नहीं जब व्यक्तियों को अपनी पीठ पर ऑक्सीजन का सिलेंडर बाँधना पड़ेगा! आज प्रत्येक परिस्थिति का कारण लोगों के द्वारा सिर्फ राजनीति को ठहराना कहाँ तक उचित है? हालांकि लोग खुद अपने दम पर कुछ कार्य नहीं करते हैं केवल सोशल मीडिया के द्वारा प्रत्येक प्रकार का आरोप राजनीति पर थोप देते हैं। शर्म की बात तो तब होती है जब बलात्कार, दुष्कर्म इत्यादि पर भी राजनीति शुरू कर दी जाती है। अब वो बच्चा तो अपने अंतिम शब्द बोलकर चला गया लेकिन सोचो जब किसी बहन, बेटी पर तेजाब फेंक दिया जाता अथवा कुकृत्य किया जाता है और अपनी जिंदगी घुट-घुट कर जीती हैं तब वह भगवान से पल-पल की शिकायत नहीं करती होगी क्या?



**कवि दशरथ प्रजापत**
**पथमेड़ा, जालोर**
**(राजस्थान)**
**मो. 8875577034**

## इंसान के नाम पर हैवान :-

इंसान के नाम पर हैवान....?
बनाके तुम्हे पछताया होगा भगवान
क्या यंही सब बाकी रह गया
एक अमुक ऊंटनी को मार दिया।

होंगी तुम्हारे बीच आपसी रंजिशे
जानवरो के लिए तो नहीं कोई बंदिशे।
सोचो उर में ध्यान लगाकर
क्यों करते हो ऐसी शर्मनाक
साजिशे।



कभी हथिनी को विस्फोट
भरा अन्नानास खिला देते हो
कभी तुम ऊंटनी के पैर तोड़
के
उसकी हड्डिया निकाल लेते हो
कैसे निर्दयी तुम इंसान हो
इंसान के नाम पर तुम हैवान हो

है कुदरत के घोर दुश्मनो
तुमसे क्या मैं कहुँ निर्लज जनों
है उलटी बुद्धि की खोपड़ीयां।
लग जाये तुम्हे अब हथकड़ियां।

सीमाएँ पशुए के लिए नहीं होती
वो तो समझता सब अपने लिए।
सीमाए इंसानों के लिए है जो
बनाता है खुद मर मिटने के लिए।

तुम्हारे मस्तिष्क के कुचमादी कीड़े
तुम्हारी ही सोच में पलते है।
कभी हथिनी कभी अमुक ऊंटनी
निर्दोष पशु ही क्यों मरते है।

ऊपर वाला ज़ब तुम्हे देखता होगा
ऐसे तुम्हारे कृत्य देखके सोचता होगा।
कितना सुंदर बनाया था इंसान को
देखकर ये हरकते वो भी शर्मिंदा होगा !

**भगवान सिंह चारण, डीडवाना**

# लाल बहादुर शास्त्री की आत्मा से क्यों नहीं होती बात पैरानॉर्मल एक्सपर्ट स्टीव हफ

जब आत्मा से बात की जा सकती है। तो लाल बहादुर शास्त्री की मौत कैसे हुई इसके बारे में स्टीव हफ क्यों नहीं बताते हैं। शायद इसलिए नहीं बताते हैं कि लाल बहादुर शास्त्री की मौत कुदरती तौर पर हुई। दिल के दौरे से उनकी मौत हुई थी। किंतु इस कुदरती मौत पर आस्था करना दुभर है। अब इसलिए दुभर है कि क्योंकि कतिपय लोग कयास लगा रहे हैं। कि लाल बहादुर शास्त्री की मौत जहर खिलाने से हुई थी। क्या लगता है कि लाल बहादुर शास्त्री की मौत रहस्यमय तरीके से हुई थी। जब लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच ग्यारह जनवरी 1966 को ताशकंद में समझौता हुआ था। तो समझौते के कुछ घंटे पश्चात रहस्यमय तरीके से सहसा मौत हो गई। ऐसी मौत जिसका उत्तर अभी तक नहीं मिला है। अभी शास्त्री जी की मौत निरुत्तर है। शोधकर्ता शास्त्री जी की मौत को रहस्मय बता दिए। और अभी तक विज्ञान टेक्नॉलजी मौत का जवाब नहीं दे पायी। कहा जाता है कि काया से आत्मा निकलने के बाद कुछ दिन आत्मा भटकती है। यह दास्तान बहुत प्रचलित है। और कुछ लोग बताते हैं कि जहाँ पर इंसान की मौत होती है। वहाँ पर आत्मा भ्रमण करने आती है। किंतु वैदिक पुराण के अनुसार जब शरीर से आत्मा निकलती है। तो उस आत्मा को यमदूत यमलोक ले जाते हैं। जो लोग इस भूलोक पर दान, पुण्य सुकर्म करते हैं। उनकी आत्मा दयुलोक में गमन करती है। जो लोग दुनिया में कुकर्म करते है। तो उनका ठिकाना यमलोक अर्थात (नर्क) होता है। हिंदू माइथोलॉजी में पुनर्जन्म के बारे में जिक्र हुआ है। कहा जाता है कि आत्मा नये शरीर में प्रवेश करती है। लेकिन क्या ऐसा संभव है। कि आत्मा शरीर में पुनः प्रवेश करती है। अध्यात्मिक के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है। जब मनुष्य की मृत्यु हो जाती है तो हम सब मिलकर उसे मिट्टी में विलीन कर देते हैं। हिंदू धर्म में मनुष्य के शरीर को कृशानु में जला देते हैं। और वही मुस्लिम धर्म में कब्र में दफना देते हैं। जब इंसान का शरीर बचता ही नहीं है तो फिर आत्मा कैसे शरीर में प्रवेश करेगी। खैर वह सब छोड़िए चलिए हम मुद्दे पर आते



हैं। पैरानॉर्मल एक्सपर्ट स्टीव हफ दावा करते हैं कि सुशांत सिंह राजपूत की आत्मा से बातें हुईं। आज सुशांत सिंह राजपूत का मरना महीनेभर हो गया है। और स्टीव हफ की सुशांत सिंह की आत्मा वाली विडियो सुर्खियों में चल रही है। स्टीव हफ एक यूट्यूबर हैं। और वह कई सालों से आत्मा से बात करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि मैंने बहुत आत्माएं से बातें की हैं। स्टीव हफ एक डिवाइस की खोज की हैं। उस डिवाइस की मदद से आत्मा से संलाप होता है। जब स्टीव हफ की बात सुशांत सिंह की आत्मा से हुई। तो उन्होंने बहुत सारे प्रश्न किए। कि आपने सुशाइड क्यों किये तो सुशांत की आत्मा बोलती है। मैं सुशाइड बदलाव के लिए किया। कैसा बदलाव तो आत्मा की ओर से कुछ जवाब नहीं आया। अब प्रश्न यह उठता है कि सुशांत की आत्मा से बात करने से स्टीव हफ को क्या मिलेगा। विदित सी बात है कि कुछ मिलने वाला नहीं है। दरअसल स्टीव हफ को सुशांत सिंह राजपूत के कुछ फैन लोग ईमेल करके स्टीव हफ को संदेश दिए थे कि आप सुशांत सिंह की आत्मा से बात कीजिए। क्या आत्मा से सचमुच में स्टीव हफ को बातें होती हैं। मुझे तो नहीं लगता है। चलिए आज के दौर के कुछ लोगों के बारे में बताता हूँ। आप लोगों से पूछिएगा कि आत्मा सच में होती है। तो व्यक्ति की ओर से आपको जवाब मिलेगा। कि आत्मा नहीं होती है ये सब काल्पनिक कहानी है। ये भूत प्रेत कुछ नहीं होता है बस इंसान का भ्रम है। जब कुछ लोग आत्मा पर भी विश्वास नहीं करते हैं तो फिर स्टीव हफ को आत्मा सब से बातचीत कैसे होती है। कुछ लोगों का मानना है कि नर्क स्वर्ग ये भी नहीं होता है। तो क्या करिएगा। बताइएगा जाहिर सी बात यही ना। जो लोग आत्मा, नर्क, स्वर्ग, ईश्वर पर विश्वास नहीं रखते हैं। उन्हें मैं बताना चाहता हूँ कि। इस धरती पर हवा चलती है, आपके शरीर में जान है क्या आपने देखी है। जान को हवा को तो बोलिएगा कि नहीं। तो आप हवा महसूस करते हैं। उसी तरह आत्मा, ईश्वर, नर्क स्वर्ग सब हैं। जो हमें दिखाई नहीं देते हैं। समय आने पर सब दिखाई देंगे। लेकिन आत्मा आज तक किसी को दिखाई नहीं दी है। तो फिर स्टीव हफ के दावे कितना सच है ये हमें वक्त बताएंगे। और अगर आत्मा से सचमुच में बातें होती हैं। देश के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जिन्होंने हमें जय जवान जय किसान का नारा दिया था। तो फिर उनकी आत्मा से क्यों नहीं होती बात स्टीव हफ को। अगर हमें स्टीव हफ समझाने की कोशिश करेंगे। कि उन्हीं आत्मा से बातचीत होती है जिनकी मृत्यु अकाल हुई हो। तो मैं बताना उचित समझता हूँ कि लाल बहादुर शास्त्री की मौत अकाल हुई थी। रहस्यमय तरीके से उनकी मौत हुई थी। अगर स्टीव हफ लाल बहादुर शास्त्री की आत्मा से बात कर लेते तो हम स्टीव हफ की बातों पर आस्था करेंगे। और लाल बहादुर शास्त्री की आत्मा से नहीं होती है बात। तो पैरानॉर्मल एक्सपर्ट स्टीव हफ का दावा झूठा साबित होगा।

**मो. जमील**
**अंधराठाढ़ी, मधुबनी (बिहार)**

## चोट मेरे मन को ऐसे.........

खेल दांव जिंदगी को , हम जुआ करते रहे
कम नहीं ज्यादा नहीं , पर जो हुआ करते रहे
आज गम तुमने दिया तो, याद ये आया हमें
कोई गम तुमको न हो,हम ये
दुआ करते रहे



तुझको माना रब सा था , रब
को खफा करते रहे
आंखें बंद कर तुझपर भरोसा
हर दफा करते रहे
प्यार का एक आड़ लेकर,
खेल मुझसे तुम रहे थे
तुम दगा करते रहे , और हम वफा करते रहे

चोट मेरे मन को ऐसे क्यों लगा तुमने दिया
सोए मेरे गम सभी थे पर जगा तुमने दिया
मैंने तो अपना ये जीवन किया था नाम तेरे
ये यकीं होता नहीं है , कि दगा तुमने दिया

न भूला हद कभी अपनी, मर्यादा नहीं भूला
भुलाना चाहता तो था, पर ज्यादा नहीं भूला
दिल में लाख गम थे और मैं मुस्कुराता था
किया खुद से कभी जो था वो वादा नहीं भूला

**विक्रम कुमार**
**मनोरा, वैशाल**

## इस रोटी ने

इस रोटी ने, इस रोटी ने
क्या- क्या खेल रचाए हैं
कोई खाए थाली भर भर
कोई इसके लिए मुरझाए हैं
इस रोटी ने, इस रोटी ने
क्या क्या खेल रचाए हैं द्य



कोई देश छोड़ आया
परिवार छोड़ आया
कोई दर- डर धक्के खाए है
इतना करके भी पेट ना भरता
ये कैसे कर्म लिखाए हैं
इस रोटी ने, इस रोटी ने
क्या क्या खेल रचाए हैं द्य

भूख को मिटाने आए गए
देश जो पराए
वहाँ भी अगर रोटी
उसको मिल ही पाए
तो मजदूर बंदा बोलो
किधर को जाए
इसलिए इन्होंने वापिस
अपने देश जाने को
चरण उठाए हैं
इस रोटी ने, इस रोटी ने
क्या - क्या खेल रचाए हैं द्य

**करमजीत कौर, शहर - मलोट**
**जिला श्री मुक्तसर साहिब, पंजाब**
**सवरचित एवम अप्रकाशित**

## आपके और मेरे लिए शब्द

युद्ध के साथ शब्द का निर्माण
शब्द के साथ क्या बना रहा है?
गंदे शब्द बना रहा है
बिना शांति के
इतने शोर मचा रहे हैं
यह जीवन के लिए है ...



नहीं नहीं आप सहमत
नहीं हैं
अपने जीवन के बारे में
गंदे शब्दों में कि युद्ध
जो बना रहा है
जीवन के आगे?
इसलिए आप सोचिएज।
आपके बोलने का क्या?
आपके शब्दों में वह शब्द है ...
अपने प्रकृति जीवन के बारे में बनाना
इसलिए अच्छे शब्दों के साथ जिएं
यह शांति के साथ बात करता है
यह शांति पसंद होगी
अद्भुत जीवन के साथ प्यार
इसलिए आप प्यार से जिएं
अपने शब्दों में इसके बारे में
बोलो मत बोलो
अपनी भूख के साथ और
एक उदास और बीमार आपकी शांति का
आनंद लेते हैं?
तो प्यारा शब्द बनाओ और बोलो
आनंद और खुशी
प्रतिदिन विनम्रता का सम्मान करें

**ओट्टेरी सेल्वा कुमार**

## दुरुपयोग

पंडित हरि किशन जी घर-घर पूजा-पाठ कर अपने और अपने परिवार का लालन-पालन बड़ी मुश्किलों से कर पाते थे।कभी-कभी किसी-किसी घर से अच्छी दक्षिणा मिलने पर घर पर अच्छा खाना भी बन जाता था।लेकिन कोरोना बीमारी की इन खतरनाक परिस्थितियों में धीरे-धीरे उनके काम में बहुत ही कमी आ गई।आजकल कोई भी अपने घर मे किसी व्यक्ति का आना पसंद नही कर रहा था तो पूजापाठ ही कौन कराएगा।अचानक एक दिन उनके किसी जानने वाले ने किसी पुलिसकर्मी को उनके पास भेजा।पुलिस वाले व्यक्ति का नाम जगदीश्वर था।उसने पंडित जी बोला पंडित जी कोई ऐसा उपाय बताएं जिससे इस कोरोना काल मे हमारा परिवार इस बीमारी से दूर रहें।पंडित जी मेरा कुछ काम ही ऐसा है कि हम लोग इस दौर में भी घर मे नही बैठ सकते।हमेशा डर लगा रहता है कि कोरोना ना हो जाये बुरे हालात से गुजर रहे पंडित जी ने फौरन पुलिस वाले भैया को हामी भर दी।उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ मंत्रों का जाप करना होगा।जिससे उनके घर से इस बीमारी को दूर भगा दिया जाएगा।जिसके लिए उन्हें पंडित जी को ?25000 देने होंगे।जगदीश्वर जी उनकी बात सुनकर सहमत हो गए और उन्होंने मंत्र उच्चारण के लिए पंडित जी को ?25000 देकर हामी भर दी।पता नहीं इसे पंडित जी की घर की परिस्थिति कहेंगे या उनके पंडिताई का दुरुपयोग,लेकिन उन्होंने कोरोना काल में अपने परिवार का लालन-पालन करने के लिए जैसे तैसे पैसा कमा ही लिए।जगदीश्वर जी को पूजा करा कर काफी खुशी थी।सुबह तैयार होकर वो अपनी नौकरी के लिए निकल पड़े। अब जगदीश्वर जी ?25000 दिए हैं तो किसी ना किसी से तो उन्हें भी ये निकालने ही थे।उन्होंने आज अपना कार्य स्थल शहर के सबसे व्यस्थ चौराहे को बनाया।चौराहे पर खड़े होकर उन्होंने कुछ गाड़ी वालों को और मोटरसाइकिल वालों को रोक-रोक कर और उन्हें चालान काटने का डर दिखा कर लगभग कुछ ही घंटों में अपने घाटे की पूर्ति कर ली और शायद कुछ ज्यादा ही पैसा लोगो से ले ही लिया।हालांकि इसमें काफी हद तक लोगो का ट्रैफिक के नियमो का ना मानने का हाथ भी था।जगदीश्वर जी ने अपने पद का प्रयोग करते हुए अपने पैसे की पूर्ति कर ही ली।पंडित जी और जगदीश्वर जी दोनों ने अपने पदों का उपयोग करते हुए अपने लिए पैसों की व्यवस्था कर ही ली। खैर चालान की चोट खाये हुए व्यक्तियों में यादव जी भी थे।जिन्हें कार के पेपर ना रखने के कारण और चलती गाड़ी में शराब का सेवन करने के कारण ?5000 का जुर्माना देना पड़ा।वो बहुत ही परेशान थे।लेकिन कोरोना काल मे 5000 रुपये का घाटा उन्हें अपने व्यवसाय से पूरा करना ही था।यादव जी एक हलवाई है।अपने नुकसान से परेशान होकर यादव जी ने मिठाई बनाने में कुछ ज्यादा ही मिलावट कर दी।आज पंडित हरि किशन जी ने पुलिस वाले भैया से पैसे कमाकर सोचा कि चलो आज बच्चो के लिए मिठाई ले लूँ।उन्होंने यादव जी की दुकान से मिठाई ली और घर जाते हुए कुछ मिठाई प्रसाद के रूप में जगदीश्वर जी को दे दी और बाकी मिठाई अपने बच्चों को खाने के लिए दे दी।मिठाई खाने के बाद यादव जी के बच्चे बीमार हो गए और साथ-साथ जगदीश्वर जी का परिवार भी बीमार हो गया।गुस्से से भरे हुए जगदीश्वर जी ने यादव हलवाई को गिरफ्तार कर लिया।हालांकि बाद में वो रिश्वत देकर छूट भी गए। यहाँ शीख देने वाली बात यही है कि यहाँ सभी व्यक्तियों ने अपने-अपने कार्यो में किसी ना किसी तरीके से दूसरे व्यक्ति को दुख देकर अपने लिए पैसों की व्यवस्था की लेकिन अंत मे गलत तरीके से कमाए हुए रुपये को अपने आप को बचाने के लिए गवाना भी पड़ गया।अगर सभी ने अपने कामो को सही तरह से किया होता तो किसी को भी परेशान नही होना पड़ता।




## संगत का असर तो पड़ता हैं'

हम सब इंसान हैं, हम सब अकेले रहना और अकेले जीना बिल्कुल पसंद नहीं करते। हम सब चाहते हैं, हमारी दुनिया कुछ अच्छे और सच्चे रिश्तों और दोस्तों से सजी रहे,जिनके साथ हम अपना दुख और खुशियां बांट सकें। हम सब हर जगह ऐसे लोगों की तलाश करते रहते हैं, जिनके लिए हमारा वजूद, हमारी मौजूदगी अहम हो। चाहे स्कूल की छोटी सी क्लास हो या कॉलेज की कैंटीन वो दो या तीन दोस्तों का साथ जो हमें पूरी दुनिया के पास होने का एहसास करा देता था, अक्सर पार्टी या किसी समारोह वगैरह में भी जहां एक से बढ़कर एक व्यक्ति मौजूद होता है वहां भी हम केवल उनके साथ रहना ज्यादा पसंद करते हैं जो हमसे बात कर रहे हो या जिनसे बात करना हमें पसंद हो। वो लम्हा होता ही बहुत प्यारा है जब हमारे आसपास हमारे खास और जिगरी लोग मौजूद रहते हैं, जिंदगी के सफर में नजाने कितने लोगों से मुलाकात होती है न जाने कितने लोग नजरों से दिल में बस जाते हैं, इनकी सोच, व्यवहार हमें व्यक्तिगत तौर पर बहुत प्रभावित करता है। बचपन में भी अक्सर सिखाया जाता था कि संगत का असर बहुत ज्यादा होता है,तो हमें कोशिश यही करना चाहिए कि हमारी संगत अच्छी हो, ताकि हम हमारे आसपास मौजूद लोगों से कुछ अच्छा सीखें,और हम भी लोगों के सामने एक अच्छा व्यक्तित्व प्रस्तुत कर सकें।



**अंकिता जैन ÷अवनी÷**
**लेखिका/कवयित्री**
**अशोकनगर मप्र**



कनाडा में एक साइंस सेंटर में नये प्रयोगों को देखते हुए एक बच्चा और एक कर्मचारी।

# अमेरिकी विमानों ने ईरान के प्लेन को घेरा

**तेहरान।** परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम अमेरिका के दो एफ-15 विमानों ने ईरान के एक यात्री विमान को खतरनाक तरीके से सीरिया के हवाई क्षेत्र में घेर लिया। ईरान के महान एयर के पायलट को टक्कर के खतरे से बचने के लिए मजबूरन अपना रास्ता बदलना पड़ा। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि अगर यह टक्कर होती होती तो बड़ी संख्या में यात्री हताहत हो सकते थे। इस घटना के वीडियो में नजर आ रहा है कि यात्री विमान में सवार लोग फाइटर जेट देखकर दहशत में आ गए और चीखने चिल्लाने लगे। ईरान ने शुरू में कहा था कि इजरायल का एक फाइटर जेट उसके यात्री विमान के पास आ गया था लेकिन बाद में पायलट के हवाले से कहा कि ये दो थे और खुद को अमेरिकी



बता रहे थे। उधर, ईरान के इस आरोप पर अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने कहा है कि उसके एफ-15 विमानों ने अपने अल तंफ एयरबेस की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ईरान के यात्री विमान की जांच की थी। अमेरिका ने कहा कि उसके फाइटर जेट महान एयर के विमान से 1 हजार मीटर की दूरी पर थे। अमेरिका ने कहा कि जब उसके विमानों ने पाया कि यह यात्री विमान है तो उन्होंने सुरक्षित दूरी बना ली। इस बीच ईरान ने कहा है कि उसके यात्री विमान के पायलट ने ही अमेरिकी फाइटर जेट के पायलटों को चेतावनी दी थी कि वे सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

# कमर गुल ने अपने पति को भी उतारा मौत के घाट



**काबुल।** अफगानिस्तान में जिस तालिबान पर नकेल कसने के लिए दुनिया की सुपरपावर तक परेशान है, 16 साल की कमर गुल ने उसको सबक सिखाकर मिसाल पेश की है। इस केस में अब एक और अहम जानकारी भी सामने आई है कि गुल ने जिन दो तालिबानियों को मार डाला था, उनमें से एक उसका पति था। पहले की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि तालिबानी गांववालों से वसूली करने आए थे, जबकि दूसरों का कहना था कि गुल के पैरेंट्स सरकार का समर्थन करते थे। इसलिए उन्हें निशाना बनाया गया। हालांकि, रिश्तेदार और स्थानीय रिपोर्ट्स का कहना है कि गुल का पति उसे जबरदस्ती वापस ले जाने आया था। बता दें कि 17 जुलाई को रात एक बजे अफगानिस्तान के घोर प्रांत में पिछले हफ्ते ये तालिबान आतंकवादी गुल के घर में घुस गए उनके माता-पिता को मार डाला। इसके बाद कमर गुल बाहर निकलीं और एके-47 से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी जिसमें दो लड़ाके मारे गए। अब पता चला है कि गुल के पिता शाह गुल रहीमी ने 2016 में गुल की शादी मोहम्मद नईम से की थी और उन्होंने खुद नईम की भतीजी से अपनी दूसरी शादी रचाई थी।

## अमेरिका में वीजा धोखाधड़ी मामले में 4 चीनियों के खिलाफ केस दर्ज, होगी 10 साल की कैद

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में वीजा धोखाधड़ी के मामले में 4 चीनियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संघीय अभियोजकों ने चीन के चार नागरिकों के खिलाफ वीजा धोखाधड़ी और चीनी सेना का सदस्य होने की बात छिपाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। न्याय विभाग ने बताया कि एफबीआई ने इनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया है जबकि फरार चौथा व्यक्ति सैन फ्रांसिस्को में चीनी वाणिज्य दूतावास में शरण लिए हुए है। उसने बताया कि सभी के खिलाफ वीजा धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। दोषी पाए जाने पर उन्हें अधिकतम 10 साल की कैद और 2 l50 l000 डॉलर का जुर्माना लग सकता है। एफबीआई ने हाल ही में 25 से अधिक अमेरिकी शहरों में वीजा धारकों से पूछताछ की थी। इन सभी पर चीनी सेना से संबंधों को घोषित नहीं करने का संदेह था।

# जाधव केस- आईसीजे के फैसले पर इमरान सरकार के अध्यादेश के विरुद्ध विपक्षी दलों का संसद से वाकआउट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के जेल में बंद चल रहे भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव के मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले के मद्देनजर सरकार की ओर से लाए गए अध्यादेश के खिलाफ देश की विपक्षी पार्टियों ने संसद से वाकआउट किया। सरकार की ओर से 'अंतरराष्ट्रीय न्यायालय समीक्षा एवं पुनर्विचार अध्यादेश 2020' पेश किए जाने के बाद हंगामा शुरू हो गया। इसके तहत किसी सैन्य अदालत के फैसले की समीक्षा के लिये अध्यादेश लागू होने के 60 दिनों के अंदर इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अर्जी दी जा सकती है। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (50) को पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने जासूसी एवं आतंकवाद के



आरोप में अप्रैल 2017 में फांसी की सजा सुनाई थी। भारत ने जाधव को राजनयिक संपर्क मुहैया कराने की इजाजत देने से पाकिस्तान के इनकार करने पर हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) का रुख किया था और उनकी मौत की सजा को चुनौती दी थी। आईसीजे ने जुलाई 2019 में कहा था कि पाकिस्तान को जाधव की दोषसिद्धि एवं सजा की अवश्य ही प्रभावी समीक्षा और पुनर्विचार करना चाहिए तथा बगैर विलंब किये भारत को उन्हें राजनयिक मदद उपलब्ध कराने दिया जाए। यह अध्यादेश 20 मई को जारी किया गया था। चर्चा के दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इमरान खान की सरकार जाधव को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह अध्यादेश विपक्ष को स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा, 'कौन पाकिस्तान के सम्मान के साथ अब खेल रहा हैज्कौन आज भारत के सामने दंडवत है?'' पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि यहअध्यादेश भारतीय कैदी को मौत की सजा से बचाने के लिए लाया गया है। भाषण के बाद वह अन्य पार्टियों के नेता के साथ सदन से बाहर निकल गए।

# पूर्वोत्तर नाइजीरिया से अगवा 5 सहायता कर्मियों की हत्या

## एसआई से जुड़े संगठन ने ली जिम्मेदारी

**डकार।** पूर्वोत्तर नाइजीरिया से अगवा किए गए पांच सहायता कर्मियों की हत्या की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक अन्य संगठन ने ली है। कई वर्ष पहले बोको हराम से पूर्वोत्तर नाइजीरिया में चल रहे राहत प्रयासों को झटका लग सकता है, जहां आतंकवाद के चलते कम से कम 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। गौरतलब है कि सहायता कर्मी जब मोनगुनो और



से अलग हो कर बने 'द इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रॉविंस' ने जून में चेतावनी दी थी कि वह अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों और सेना की मदद करने वाले नाइजीरियाई लोगों को निशाना बनाएगा। नाइजीरिया के राष्ट्रपति सहायमाकर्मियों की हत्या के लिए पहले ही कट्टरपंथियों को जिम्मेदार ठहरा चुके हैं। कट्टरपंथी संगठनों पर नजर रखने वाले खुफिया समूह एसआईटीई के अनुसार संगठन ने सहायता कर्मियों की हत्या की जिम्मेदारी ली है। एसआईटीई के अनुसार इन सहायताकर्मियों की हत्या रविवार को की गई और इसके बाद हत्या का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया। इस घटना राजधानी मैदुगुड़ी के बीच एक मुख्य सड़क से गुजर रहे थे तभी उनका अपहरण किया गया था। नाइजीरिया के राष्ट्रपति मुहम्मदू बुहारी ने एक बयान जारी कर मृतकों की पहचान देश के 'स्टेट इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी', 'इंटरनेशनल चैरटीज़ एक्शन एगेंस्ट हंगर', 'रिच इंटरनेशनल एंड इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी' के सदस्यों के तौर पर की है। नाइजीरिया में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय समन्वयक एडवर्ड कैलन ने कहा, 'वे प्रतिबद्ध मानवतावादी थे जिन्होंने हिंसा से प्रभावित क्षेत्र में कमजोर लोगों और समुदायों की मदद करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।



लिंडा में अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो निक्सन फाउंडेशन के प्रेसीडेंट के साथ प्रेसीडेंशियल लाइब्रेरी पहुंचे।

# चीन ने चेंगदू स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास बंद करने के निर्देश दिए

**बीजिंग।** ह्यूस्टन में चीनी दूतावास बंद करने के अमेरिका के फैसले पर तुरंत प्रतिक्रिया करते हुए चीन ने शुक्रवार को चेंगदू स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास बंद करने के निर्देश दिए हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि चीन ने यहां स्थित अमेरिकी दूतावास को अपने फैसले की सूचना दे दी है कि वह चेंगदू में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास की स्थापना एवं संचालन के लिए दी गई अपनी सहमति वापस लेता है। उसने कहा कि यह फैसला ह्यूस्टन दूतावास को बंद करने के अमेरिका के एकपक्षीय निर्णय के जवाब में है। साथ ही कहा कि चीन का फैसला अमेरिका की अनुचित कार्रवाइयों के लिए वैध एवं आवश्यक प्रतिक्रिया है। अमेरिका ने ह्यूस्टन में स्थित चीनी दूतावास को बंद करने का बुधवार को आदेश दिया था। उसने कहा था कि यह कदम, अमेरिकी बौद्धिक संपदा एवं निजी सूचना को संरक्षित रखने के मकसद से उठाया गया।

# कोरोना- दुकानों, सुपर मार्केट में अब मास्क लगाना अनिवार्य, ब्रिटेन सरकार के दिशा-निर्देश

**लंदन ।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से निजात पाने के लिए ब्रिटेन सरकार ने नए दिशा-निर्देशों जारी किए हैं जिसके अनुसार इंग्लैंड में दुकानों, सुपरमार्केट, इनडोर शॉपिंग सेंटर और स्टेशन तथा हवाई अड्डों में शुक्रवार से मास्क लगाना अनिवार्य होगा। कोविड-19 से निपटने के लिए लगाई गई पाबंदियों में और ढील देने के साथ ही जारी किए नए दिशा-निर्देशों के तहत लोगों का मास्क लगाना, स्कार्फ या बन्डाना से मुंह और नाक ढकना अनिवार्य होगा। खाद्य पदार्थ खरीदते समय और कैफे या दुकानों से सामान लेते समय भी इन्हें लगाना अनिवार्य होगा। ब्रिटेन



के स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल विभाग (डीएचएससी) ने कहा, 'अगर आप किसी ऐसी जगह पर हैं, जहां बैठकर खाने की व्यवस्था है तो आप खाने या पीने के लिए मास्क उतार सकते हैं।' उसने कहा कि 11 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए, दिव्यांग तथा सांस लेने में परेशानी या कोई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर भी मास्क लगाना अनिवार्य नहीं होगा। डीएचएससी ने कहा कि ऐसे सबूत मिले हैं, जिनमें मास्क लगाने से संक्रमण फैलने का खतरा कम होने की बात सामने आई है। खासकर ऐसे मामलों में जहां लोगों में वायरस के लक्षण दिखाई नहीं देते। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकॉक ने कहा, 'पाबंदियों में अब और ढील देने के मद्देनजर, जरूरी है कि हम सुरक्षित खरीदारी करें, दिशा-निर्देशों का पालन कर वायरस के खिलाफ लड़ाई में अपनी भूमिका निभाएं।

# हलवाई, मोबाइल रिपेयरिंग के जब तक सैंपल नहीं, तब तक दुकान खोलने पर विचार नहीं - कलेक्टर

## कलेक्टर ने गर्ल्स स्कूल एवं पंचायती धर्मशाला में कोविड सेन्टर का किया निरीक्षण





मुरैना 24 जुलाई 2020/ कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने नगर निगम के अन्तर्गत संचालित मिठाई दुकानदार (हलवाई), मोबाइल रिपेयरिंग, कपड़ा मार्केट व्यापारी और राखी के त्यौहार को ध्यान में रखते हुये राखी विक्रय करने वाले हाथ ठेला चालक अपने-अपने सैम्पल दो दिवस में अवश्य करा लें। सैम्पल नहीं हुआ तो राखी के त्यौहार से पहले दुकान खोलने पर विचार प्रशासन नहीं कर सकेगा। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी कोविड सैम्पल कराने से छूट गये है, वे निर्धारित कोरोना सेन्टर पर पहुंचकर कोरोना टेस्ट करा लें। यह बात उन्होंने शुक्रवार को नगर भ्रमण के समय संबोधित करते हुये महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल में कही। वे आज व्हीआईपी रोड़ पर जीवाजी क्लब, पंचायती धर्मशाला और महारानी लक्ष्मी बाई कोविड सेन्टर पर भ्रमण कर रहीं थीं। इस समय एसडीएम मुरैना श्री आरएस बाकना, नगर निगम कमिश्नर श्री अमरसत्य गुप्ता, तहसीलदार श्री भरत कुमार, डॉ. पदमेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास सर्व प्रथम व्हीआईपी रोड़ जीवाजी क्लब पहुंची। जिसमें 110 सैम्पल लिये गये थे, उन्होंने सैम्पल के बाद फीडिंग कार्य का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कोरोना सैम्पल में लगे डॉक्टर्स एवं अन्य स्टाफ को कड़े निर्देश दिये कि शासन के नियमानुसार सभी को वेतन भत्त प्रदान किये जाते है। डॉक्टर्स एवं अन्य स्टॉफ ड्यूटी के दौरान लंच पैकेट अपने साथ लेकर आयें। उन्होंने कहा कि फीडिंग कार्य में लापरवाही न बरतें, जितना कार्य पूर्ण होता जाये, उतने कम्प्यूटर में फीडिंग कार्य तेज गति से होता रहे। गर्ल्स स्कूल की टीम सोमवार से गल्ला मंडी में करेगी कोरोना की जांच कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास गर्ल्स स्कूल पहुंची। जहां सैम्पल लिये जाने का कार्य चल रहा था। जिसमें मात्र 56 लोंगो के सैम्पल लिये गये थे, इस पर उन्होंने एम.एम.यू. को निर्देश दिये कि जो भी शेष व्यक्ति सैम्पल कराने से छूट गये है, उनके सैम्पल दो दिवस में करायें। इसके बाद यह टीम गल्ला मंडी में सोमवार से कोविड टेस्ट करेगी। जिसमें गल्ला मंडी में व्यापारी, हम्माल एवं थोक, खेरिज सब्जी विक्रय वालों के सैम्पल लिये जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने पंचायती धर्मशाला में चल रहे। कोरोना टेस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम पूरी तरह से कोरोना टेस्ट करती हुई पायी गई। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिये कि आने वाले व्यक्तियों की जानकारी कर फार्म भरें और उन्हें सैम्पल लेने के बाद तत्काल फ्री करें।

## कलेक्टर ने सार्थक एप्प एवं फीवर क्लीनिक की जानकारी कैलारस स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचकर ली



**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास गुरूवार ने कैलारस हॉस्पीटल पहुंचकर स्वास्थ्य अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि कोविड मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिये। उनके खान-पान पर चिकित्सक विशेष ध्यान दें। उनमें जल्दी इम्यूनिटी पैदा करें, जिससे वे जल्दी स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हो सकें और जिले से कोरोना का खात्मा हो सके। चिकित्सक अपने दायित्वों पर खरे उतरें। यह निर्देश उन्होंने गुरूवार को स्वास्थ्य हॉस्पीटल कैलारस में चिकित्सकों को दिये। इस अवसर पर सबलगढ़ एसडीएम सुश्री अंकिता धाकरे, तहसीलदार श्री राहुल गौड़, जनपद सीईओ श्री गिर्राज शर्मा सहित डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कहा कि कोरोना को पकड़ने के लिये सार्थक एप्प हम चिकित्सकों के लिये लाभाकारी सिद्ध हो रहा है। इसमें फीड होने पर बीमार व्यक्ति की जानकारी शीघ्र मिलती है और उस पते एड्रेस पर हम पहुंचकर उस बीमार व्यक्ति को खोज लेते है और उसका सैम्पल करा लेते है। भले ही उसका सैम्पल निगेटिव आता है, किन्तु जो वास्तविक व्यक्ति कोरोना की चपेट में है, वो हमारी पकड़ में आ जाता है। उसको हम 7 दिन के लिये आईसोलेशन वार्ड में रखकर उसमें इम्यूनिटी पैदा करते है और उसमें जो वायरस के लक्षण होते है, वो एक स्थान पर रूककर दूसरे व्यक्तियों में संक्रमण नहीं फैला पाते है। इसलिये हम कोरोना को शान्त करने में कामयाब हो रहे है। उन्होंने कहा कि मंगलवार और शुक्रवार को चिकित्सक बैठकर एक-दूसरे के कोविड के संबंध में चर्चा करें और कोविड के खात्मा को लेकर नये नवाचार कर कोरोना की चैन तोड़ने में कामयाब हों।

## कंषाना ने स्व. अजय प्रताप सिंह तोमर व स्व. लाखन सिंह गुर्जर के निधन पर उनके निज निवास पहुंचकर दुःख व्यक्त किया



**मुरैना।** लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री श्री ऐंदल सिंह कंषाना ने केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के छोटे भाई श्री अजय प्रताप सिंह तोमर के निधन पर उनके निज निवास पहुंचकर गहरा दु:ख व्यक्त किया। मंत्री श्री कंषाना ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को इस गहन दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री श्री ऐंदल सिंह कंषाना ने ग्राम गिरगांव पहुंचकर श्री भीकाम सिंह के भाई स्व. श्री लाखन सिंह गुर्जर के निधन पर उनके गृह गांव पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को ढ़ांढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि स्व. श्री लाखन सिंह गुर्जर के परिवार के सदस्यों को दुख सहन करने की ईश्वर सख्ती प्रदान करें।



## शांति समिति की बैठक नगर निगम के हॉल में आज

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक 25 जुलाई 2020 दोपहर 12 बजे नगर निगम मुरैना के सभाकक्ष में आयोजित की गयी है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास ने बताया कि आगामी दिनों में आने वाले त्यौहार 1 अगस्त को ईदुज्जुहा, 3 अगस्त को रक्षाबंधन, 4 अगस्त को भुजरिया मेला, 12 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 22 से 29 अगस्त तक गणेश चतुर्थी, 29 अगस्त को डोलग्यारस और 30 अगस्त मोहर्रम को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने हेतु तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में सोशल डिस्टेंस का विशेष महत्व दिया जाये।



## सबलगढ़ में गुरवचन सिंह ने सम्भाला एसडीओपी का पदभार

**सबलगढ़ ।** राज्य शासन व्दारा स्थानांतरित किए गये एसडीओपी गुरवचन सिंह ने बीते दिन सबलगढ़ एसडीओपी का पदभार संभाल लिया है। शासन व्दारा करीब पांच महीने पहले उनके स्थांतरण के आदेश जारी किये गये थे। लेकिन पुलिस अधीक्षक व्दारा नियुक्त हुए अनुविभागीय अधिकारी को रिलीव नहीं किया गया था। बताना होगा कि एसडीओपी गुरवचन सिंह की कार्यशैली से क्षेत्र के लोग भलि- भाति परिचित हैं।

## नगर निगम कमिश्नर की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक आज

**मुरैना।** कोरोना महामारी के चलते लोंगो को सुरक्षित रखने के लिये कोरोना टेस्ट के साथ-साथ सोशल डिस्टेंस कराना भी बहुत जरूरी है। आने वाले दिनों में त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये बाजार को किस तरह खोला जाये। इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर की अध्यक्षता में 25 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे नगर निगम सभागार में एक बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राखी व्यापारी एवं हाथ ठेला व्यापारियों के संबंध में भी समीक्षा होगी।

## खादी तथा ग्रामोद्योग कर्मियों की अधिवार्षिकी आयु अब 62 वर्ष

**मुरैना ।** राज्य सरकार द्वारा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों की अधिवार्षिकी आयु सीमा 1 जुलाई 2020 से 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई है। लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग अधिनियम 1978 के प्रावधानों में संशोधन कर आयु सीमा में वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि इस निर्णय का लाभ बोर्ड में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को प्राप्त होगा।

## डिप्टी मीडिया ऑफीसर ने कोविड से बचने के नुस्खे दिये

**मुरैना।** डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर जिला अस्पताल द्वारा महिलाओं को कोविड कोरोना से बचाव के लिए मास्क, हाथों को बार-बार साबुन से धोने या सेनेटाइजर का उपयोग करें और घर से अनावश्यक ना निकलें वार्ड में प्रचार किया। विटामिन ए अभियान में बच्चों को विटामिन ए पिलाने के लाभ तथा परिवार नियोजन के साधनों द्वारा बच्चों में अँतर एवं सीमित रखने के उपाय मच्छर से बचने के पानी जमा न होने दें, मच्छर को पनपने से रोकेँ जिससे आप अपने घर परिवार को स्वस्थ और सीमित बनाए रखें।

# मुरैना जिले के समस्त नगरीय निकायों में दो दिन के लिये कर्फ्यू रहेगा- कलेक्टर

## कर्फ्यू के दौरान विशेष इमरजेंसी, मेडीकल खुलेंगे: दूध, फल एवं सब्जी गली-गली पहुंचेगी

**मुरैना।** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रदेश के ऐसे जिले जहां कोविड के अधिकतर मरीज प्रतिदिन निकल रहे हैं, उन जिलों में दो दिन संपूर्ण लॉकडाउन रखा जाये। इस आदेश के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने मुरैना जिले के नगर निगम एवं समस्त नगरीय निकायों में दो दिन दिवस के लिये संपूर्ण कर्फ्यू रहेगा। जिसमें यह कर्फ्यू शनिवार और रविवार को रखा जाये। कर्फ्यू के दौरान सब्जी, दूध, फल सिर्फगली मोहल्लों में पहुंचकर विक्रय होगा। ये निर्देश उन्होंने शुक्रवार को मुरैना नगर निगम के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण के समय दिये। भ्रमण के समय एसडीएम मुरैना श्री आर.एस. बाकना, आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, तहसीलदार श्री भरत कुमार सहित अन्य नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि मुरैना जिले के सभी नगरीय क्षेत्र में प्रत्येक रविवार को बाजार एवं व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। वर्तमान में बदली हुई परिस्थितियों को आवश्यक होने से इस आदेश को विस्तारित करते हुये अब प्रत्येक शनिवार व रविवार को जिले की सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में बाजार व व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन को प्रतिबंधित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 व अन्य प्रासंगिक धाराओं तथा आपदा प्रबंधन की धारा 51 से 60 के अतंर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



# बहरीन की महिला खिलाड़ी डोप टेस्ट में विफल, भारतीय मिश्रित रिले टीम को मिला स्वर्ण



**नई दिल्ली ।** बहरीन की 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता रिले टीम डोप जांच में विफल रही है। ऐसे में भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम का रजत पदक अब स्वर्ण में बदल गया है। बहरीन की विजेता टीम को उसके एक सदस्य के डोप टेस्ट में असफल होने के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया है। बहरीन ने चार गुणा 400 मिश्रित रिले फाइनल में पहला स्थान हासिल किया था पर उसकी एक सदस्य केमी एडेकोया को एथलेटिक्स इंटीग्रीटी यूनिट (एआईयू) ने डोप परीक्षण में विफल होने के कारण चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इसके अलावा एआईयू के एडेकोया के परिणामों को हटाने के बाद भारत की अनु राघवन का महिला 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में चौथा स्थान भी अब तीसरे में बदल दिया है। इस कारण अनु को कांस्य पदक मिल गया है। एडेकोया ने यह रेस जीती थी। वहीं मोहम्मद अनस, एम आर पूवम्मा, हिमा दास और अरोकिया राजीव की भारतीय चौकड़ी ने 3ः15ः71 का समय निकाला था और वह बहरीन के 3ः11ः89 समय से पीछे रही थी। अनु जकार्ता में हुई अंतिम रेस में 56.92 मिनट का समय निकालकर चौथे स्थान पर रही थीं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा कि एएफआई विश्व एथलेटिक्स वेबसाइट की रैंकिंग में यह बदलाव देखकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पदक से हमारे कुल पदकों की संख्या बढ़कर अब 20 हो गयी है जिसमें आठ स्वर्ण और नौ रजत पदक हैं। उन्होंने कहा कि यह खबर हमारे लिए अच्छी है क्योंकि हम एशियाई खेलों के प्रदर्शन से अगले साल टोक्यो में होने वाले ओलंपिक खेलों में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

## नस्लवाद को रोकने नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा दें : संगकारा



**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने कहा है कि नस्लवाद को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की जरुरत है पर इसके लिए नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा देना सबसे जरुरी है। संगकारा ने कहा कि बदलाव तभी आ सकता है जब वास्तविक इतिहास की शिक्षा दी जाये और इसमें किसी भी तथ्यों को छिपाया नहीं जाए। नस्लवाद के खिलाफ शुरु हुए 'ब्लैक लाइव्स मैटर% अभियान पर संगकारा ने कहा, 'इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप शिक्षित हो या नहीं। मैंने कई बार सर्वश्रेष्ठ शिक्षा पाने वाले लोगों को नस्लभेद करते पाया गया है।% उन्होंने कहा, 'अगर आपकी शिक्षा मूल्यों पर आधारित नहीं है और इसमें नैतिकता नहीं है तो आप मुश्किल में होंगे। शिक्षा आपके पक्षपात को नहीं हटा पाएगी, बल्कि यह आपको अच्छी तरह से बहस करने में सहायता ही करेगी।% संगकारा ने कहा कि नस्लवाद के विभिन्न प्रकार है और भेदभाव के लिये केवल त्वचा का रंग ही आधार नहीं होता। उन्होंने कहा, 'अगर आप 'ब्लैक लाइव्स मैटर% (अश्वेतों का जीवन भी मायने रखता है), दुनिया में नस्लवाद और भेदभाव की बात करो तो मुझे लगता है कि सबसे अहम चीज है कि अपने बच्चों को इतिहास पढ़ाओ, जस का तस, जैसा इसे होना चाहिए, न कि इसका कोई छुपा हुआ संस्करण। हमें अच्छी, बुरी और बदसूरत चीजों पर ध्यान दिलाने की जरूरत है।

# 19 सितंबर से दुबई में शुरू हो सकता है आईपीएल



**दुबई।** इंडियन क्रिकेट लीग (आईपीएल) अब 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरू हो सकता है। इसका खिताबी मुकाबला 8 नवम्बर को होगा। अब तक की जानकारी के अनुसार आईपीएल संचालन परिषद की अगले सप्ताह एक बैठक होगी, जिसमें मैच स्थल के साथ ही कार्यक्रम को भी मंजूरी दी जाएगी। बीसीसीआई ने अपनी योजना से फ्रेंचाइजी को भी अवगत करा दिया है। वहीं बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उम्मीद है कि आईपीएल 19 सितंबर को शुरू होगा और फाइनल 8 नवंबर को खेला जाएगा। इस तरह से यह 51 दिन तक चलेगा और यह फ्रेंचाइजी और प्रसारकों के अलावा अन्य सभी हितधारकों के अनुकूल रहेगा। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टी20 विश्व कप को स्थगित करने के फैसले के बाद आईपीएल का आयोजन संभव हो गया है। इससे पहले माना जा रहा था कि आईपीएल 26 सितंबर से शुरू होगा पर बीसीसीआई इसे एक सप्ताह पहले शुरू करना चाहता है जिससे भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा प्रभावित न हो। एक अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया सरकार के नियमों के अनुसार वहां पहुंचने पर 14 दिन तक पृथकवास पर रहना होगा। इसलिए दौरे को एक सप्ताह पहले रखा गया है।

## आईपीएल कार्यक्रम पर अंतिम फैसला अगले सप्ताह : पटेल

**मुम्बई।** आईपीएल चेयरमैन ब्रजेश पटेल ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल कार्यक्रम 19 सितंबर से शुरू होकर आठ नवंबर तक खेला जाएगा। इस कार्यक्रम पर अंतिम निर्णय संचालन परिषद की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में होगा। पटेल ने कहा कि अब हमें सरकार से मंजूरी मिलने की प्रतिक्षा है। आईपीएल का पूरा कार्यक्रम 51 दिन का होगा। पटेल ने इस दौरान कहा कि आईपीएल में कोरोना महामारी के खतरे से बचने के लिये मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जा रही है और बीसीसीआई इसको लेकर अधिकारिक रूप से एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड को लिखेगा। अनुमान है कि आईपीएल 26 सितंबर से शुरू होगा पर बीसीसीआई इसे एक सप्ताह पहले शुरू करना चाहता है जिससे भारतीय टीम के आस्ट्रेलियाई दौरे पर प्रभाव नहीं पड़े। प्रत्येक टीम को अभ्यास के लिए एक महीने के समय की जरूरत पड़ेगी और ऐसे में फ्रेंचाइजी 20 अगस्त तक आयोजन स्थलों पर पहुंच जाएंगी। इससे उन्हें तैयारी के लिए चार सप्ताह का समय मिल जाएगा। भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया में चार टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है जिसका पहला मैच तीन दिसंबर से ब्रिसबेन में खेला जायेगा। आईपीएल का आयोजन मार्च के अंत में होना था पर कोरोना वायरस महामारी और यात्रा प्रतिबंधों के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था।

# महिला टीम एएफसी एशिया कप-2022 की तैयारी करे : छेत्री



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा है कि महिला टीम को अभी से एएफसी एशिया कप-2022 की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। एएफसी ने इसी साल जून में भारत को महिला एशिया कप की मेजबानी सौंपी है। दो साल में भारत के पास यह दूसरा बड़ा टूर्नामेंट है जिसकी मेजबानी भारत को मिली है। भारत को फीफा अंडर-17 विश्व कप-2021 की मेजबानी भी करनी है। उन्होंने कहा, उनके पास यह शानदार मौका है कि वह इस तरह के उच्च स्तर के टूर्नामेंट में खेलेंगी। यह उस तरह का टूर्नामेंट है जहां आप उपमहाद्विप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेल सकते हो। इस स्ट्राइकर ने कहा, मैं उन सभी खिलाड़ियों से अपील करता हूं कि वह अभी से ही टूर्नामेंट की तैयारी शुरू कर दें। अपने खेल के हर छोटे पहलू को देखें और उसमें सुधार करने की कोशिश करें। प्रक्रिया की शुरुआत अभी से होनी चाहिए। उन्होंने कहा, एक बार जब आप छोटे-छोटे कदम उठाने लगते हो और अपने आप को हर तरीके के लिए तैयार कर सकते हो। आप हर दिन उपमहाद्वीप के स्तर पर नहीं खेलते हो तो इसलिए आपको यह तय करना पड़ता है कि आप टूर्नामेंट का आनंद उठा सको। उन्होंने कहा, दबाव हमेशा रहेगा लेकिन जरूरी है कि आप फुटबॉल का आनंद उठा सकें, यह सिर्फ खुश रहने की बात है। एक बार जब टूर्नामेंट शुरू हो जाए तो मैं आपको स्टैंड में से देखकर काफी खुश होऊंगा।

## तीनो प्रारुपों में खेलना चाहते हैं फर्ग्यूसन

**टोक्यो।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने कहा है कि वह तीनों प्रारूप खेलना चाहते हैं। फर्ग्यूसन ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी के साथ टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। गत विश्वकप में भी उन्होंने खेला था। फर्ग्यूसन ने कहा, 3 साल से मैं लगातार क्रिकेट खेल रहा हूं। यह इतना समझने के लिए काफी है कि मैं भविष्य में किस तरह का खिलाड़ी बनना चाहूंगा। मुझे आगे सबसे अच्छा खेलने की उम्मीद है। मैं देश के लिए सभी तीन प्रारूप खेलना चाहता हूं। फर्ग्यूसन ने न्यूजीलैंड कीओर से 37 एकदिवसीय और 8 टी-20 मुकाबले खेले हैं पर अभी तक टेस्ट मैच नहीं खेला है। सीमित ओवरों के प्रारूप में उन्होंने कुल 83 विकेट लिए हैं। फर्ग्यूसन पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले थे पर उन्हें चोट लग गई थी।

## कास्प्रोविज का सीए से इस्तीफा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविज ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के गैर कार्यकारी निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। कास्प्रोविज ने यह कदम पूर्व मुख्य कार्यकारी केविन रोबर्ट्स के इस्तीफे के बाद उठाया है। वहीं बोर्ड अध्यक्ष अर्ल एडिंग्स ने कहा, 'कास्प्रोविज ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, एसीए अध्यक्ष, क्वीन्सलैंड क्रिकेट के अंतरिम सीईओ और 8 साल तक बोर्ड के सदस्य के रूप में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सेवा की है। वह लंबे समय से क्रिकेट परिवार के सदस्य रहे हैं और उनके योगदान के लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं।' ऑस्ट्रेलिया की ओर कास्प्रोविज ने 38 टेस्ट, 43 एकदिवसीय और 2 टी-20 मैच खेले हैं। खेल को अलविदा कहने के बाद वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के निदेशक बने। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैंने मैदान पर प्रदर्शन किया, मेरा मानना है कि इस पद को भी मैंने सब कुछ दिया और इस देश में क्रिकेट के प्रत्येक हितधारक का प्रतिनिधित्व करने के अवसर का लाभ उठाया है। ये अनुभव काफी सम्मान की बात रहा पर अब मेरे लिए यह पद छोड़ने का सही समय है।



## नोकिया जल्द ही अपना एक स्मार्टफोन लांच करेगी





**नई दिल्ली।** नोकिया जल्द ही अपना एक स्मार्टफोन लांच कर सकती है। कंपनी फोन को किस नाम से लांच करने वाली है, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। नोकिया के नए फोन के बारे में एक साइट के डेटाबेस से पता चला। लिस्टिंग में यह फोन नोकिया टीए-1258 मॉडल नंबर से लिस्ट है। फोन में 6.99 इंच का डिस्प्ले मिलेगा जो 720×1440 पिक्सल के एचडी प्लस रेजॉलूशन के साथ आएगा। स्क्रीन की चारों तरफ आपको मोटे बेजल्स देखने को मिलेगा। फोन का आस्पेक्ट रेशियो 18ः9 होगा। लिस्टिंग में फोन के फ्रंट और बैक पैनल के डिजाइन को देखा जा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी फोन को सबसे पहले चीन में लांच कर सकती है। यह फोन नॉर्डिक ब्लू और सैंड गोल्ड कलर ऑप्शन में आ सकता है। फोन में चिपसेट कौन सा होगा इस बारे में भी अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, यह जरूर पता चल गया है कि फोन ऑक्टा-कोर प्रोसेसर के साथ आएगा। फोन 2जीबी रैम और 32जीबी के इंटरनल स्टोरेज वेरियंट में आ सकता है। जरूरत पड़ने पर इस फोन की मेमरी को यूजर माइक्रो एसडी कार्ड की मदद से बढ़ा सकते हैं।

## अमेजन ने भारत में बढ़ाया कारोबार, 10 बड़े सप्लाई सेंटर खोले

**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया ने अपनी 'प्राइम डे' सेल से पहले भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 10 नए भंडारगृह खोल दिए हैं। इसके साथ ही अपनी सात मौजूदा इमारतों का भी विस्तार किया है। कंपनी ने कहा कि ये 10 नए आपूर्ति केंद्र दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, पटना, लखनऊ, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, लुधियाना और अहमदाबाद में खोल हैं। कंपनी ने कहा कि ये वास्तव में भंडारगृह न होकर आपूर्ति केंद्र हैं। ये पारंपरिक भंडारगृहों से अलग होते हैं। ये पूरी तरह से स्वचालित केंद्र होते हैं, जहां सामान को ऑर्डर के हिसाब से उठाने से लेकर पैक करने का काम स्वचालन प्रक्रिया से होता है। इससे सामान की डिलिवरी को तेज करने में मदद मिलती है।

# कोविड-19 की वजह से देश में बढ़ी पुरानी कारों की मांग :रिपोर्ट




नई दिल्ली। कोरोना संकट के बीच पुरानी या सेकेंड हैंड यात्री कारों के बाजार में तेजी से सुधार हो रहा है। रपट के मुताबिक इस साल अप्रैल-जुलाई की अवधि में पुरानी कारों के बाजार ने वृद्धि दर्ज की है। वहीं इस माह इसतरह के वाहनों की मांग फरवरी की तुलना में 25 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में पुरानी कारों में सबसे अधिक मांग सेडान की रही है। उसके बाद एसयूवी और हैचबैक का नंबर आता है। इस सर्वेक्षण में 55 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अगले छह माह में अपने निजी वाहन के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। इस मांग में गैर-महानगरों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। रपट में कहा गया है कि सेकेंड हैंड वाहनों की मांग बढ़ने की एकमात्र वजह साफ-सफाई को लेकर चिंता ही नहीं है, बल्कि अब लोगों का निजी वाहन खरीदने का बजट भी कम हो गया है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार मात्रा के हिसाब से पुरानी कारों का बाजार नई कारों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि कोरोना की वजह से कैब सेवाओं सहित सार्वजनिक परिवहन को लेकर प्राथमिकता घटी है। सर्वेक्षण में शामिल 55 प्रतिशत लोगों का कहना था कि वे भविष्य में अपनी निजी कार से सफर करना चाहते हैं। सर्वेक्षण में शामिल 56 प्रतिशत लोगों ने अगले तीन से छह माह में कार खरीदने की बात कही। सर्वेक्षण के अनुसार, 72 प्रतिशत लोगों ने कोविड-19 की वजह से अपने कार खरीदने के बजट में कटौती की है। नई कार के लिए 39 प्रतिशत लोगों का बजट तीन लाख रुपये से कम है। वहीं 24 प्रतिशत का बजट चार से सात लाख रुपये है।

पुरानी कारों के लिए 50 प्रतिशत लोगों का बजट तीन लाख रुपये से कम है। वहीं 20 प्रतिशत का बजट चार से सात लाख रुपये है।

# क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक में रविवार को लॉकडाउन की बनी सहमति

## त्यौहारों को घर पर ही मनाने की अपील

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम में सभी का सहयोग अपेक्षित है। सोशल डिस्टेंसिंग के माध्यम से ही कोरोना संक्रमण की चैन को तोड़ा जा सकता है। आने वाले त्यौहारों में भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो और बाजारों में अनावश्यक भीड़ न हो, इसके लिये त्यौहार अपने-अपने घरों में मनाने की अपील की गई है। जिला क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, जिला पंचायत की स्थानीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा भुजवल सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन, एडीएम श्री किशोर कन्याल, एडिशनल एसपी श्री पंकज पाण्डेय एवं श्री सतेन्द्र तोमर, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष श्री देवेश शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री दिनेश मौर्य, चेम्बर ऑफ कॉमर्स



के मानसेवी सचिव श्री प्रवीण अग्रवाल, कैट के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र जैन, विधायक श्री प्रवीण पाठक के प्रतिनिधि श्री मोहन माहेश्वरी सहित समिति के सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि प्रत्येक रविवार को लॉकडाउन किया जायेगा। समिति के सभी सदस्यों की सलाह पर राखी एवं ईद के त्यौहार को देखते हुए अगस्त माह के प्रथम रविवार को सम्पूर्ण लॉकडाउन न करते हुए आवश्यक दुकानें खोलने की छूट त्यौहारो को देखते हुए रहेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक सप्ताह रविवार के साथ-साथ एक दिन और लॉकडाउन का प्रस्ताव है जिस पर सभी की सहमति के बाद निर्णय लिया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी जानकारी दी कि राखी और ईद के त्यौहार को देखते हुए छोटे-छोटे व्यवसाइयों को एक स्थान पर व्यवसाय करने की अनुमति देने के संबंध में निर्णय लिया गया है कि शहर में 8 ङ्क 10 स्थान चिन्हित कर छोटे व्यवसाइयों को उन स्थानों पर व्यवसाय करने हेतु अनुमति प्रदान की जायेगी। उन्होंने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे अपने स्तर से आमजनों से अपील करें कि वे त्यौहारों पर जो आवश्यक खरीददारी है उसे अभी से करके रखें ताकि त्यौहारों पर बाजारों मे अनावश्यक रूप से भीड़ न हो। इसके साथ ही जब तक बहुत जरूरी न हो, लोग अपने घरों से न निकलें। घरों से निकलना अगर आवश्यक हो तो कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये सभी आवश्यक उपाय अवश्य करें। क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रीगणेश उत्सव और ताजिया लोग अपने-अपने घरों पर ही स्थापित करें। सार्वजनिक स्थानों पर श्रीगणेश प्रतिमा एवं ताजियों को रखना प्रतिबंधित रहेगा। ताजियों और गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये भी नगर निगम के माध्यम से वाहनों की व्यवस्था की जायेगी। गणेश प्रतिमाएं लोग अपने घरों पर ही विसर्जित करें।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने किया तानसेन नगर जोन का औचक निरीक्षण

## उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण पर दिया जोर

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शुक्रवार को तड़के 3 बजे तानसेन नगर जोन ग्वालियर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन कार्यालय में उपभोक्ता शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था को देखा। साथ ही प्राप्त व निराकृत शिकायतों की समीक्षा की। श्री तोमर ने जोन कार्यालय में संधारित फ्यूज ऑफ काल (एफओसी) रजिस्टर में दर्ज विद्युत शिकायतों को देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को घोषित अवधि में निर्बाध विद्युत



आपूर्ति राज्य शासन की प्राथमिकता है। इसलिए विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हिदायत दी कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित गति से समय-सीमा में निराकरण कराएँ। उपभोक्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार हो और उन्हें संतुष्ट भी करें। मंत्री श्री तोमर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आगाह किया कि मैं किसी भी समय यहाँ पहुँचकर बिजली उपभोक्ताओं से उनकी समस्याओं के संबंध में फीडबैक लेने आ सकता हूँ। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निराकरण की अवधि को और कम किया जाये। श्री तोमर ने कहा कि समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पर कार्रवाई होगी।

# शहर के पुलिस कप्तान नवनीत भसीन को संस्था ने किया सम्मानित

**अमित शर्मा रिपोर्टर**

**ग्वालियर।** गौरवशाली सामाजिक संस्था ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन को ष्थ1द्बस्र-19 ने कोरोना महामारी से रोकथाम बचाव एवं आम जनता को जागरूक करते हुए शहर में सुचारू रूप से गतिविधियों को संचालित करने के लिए तथा संस्था के संकल्प कोई भूखा ना सोए हेतु कार्य की प्रशंसा करते हुए मनोबल बढ़ाने के लिए संस्था के संरक्षकगण अधिवक्ता नीरज भार्गव, इंजीनियर विजय शर्मा, दिनेश शर्मा,अधिवक्ता आनंद भार्गव, नरेंद्र चौहान, श्रीमती प्रमिला मारवा,श्याम श्रीवास्तव, श्रीमती रीता डोगरा, यशपाल कपूर, एल. एन. मिश्रा, संस्था की संस्थापिका अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा,सचिव वासुदेव



मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रमोद नरवरिया, कोषाध्यक्ष अंजलि नरवरिया, सह सचिव अधिवक्ता बरखा श्रीवास्तव, सदस्य में नीलम कुशवाह, अधिवक्ता प्रियंका झा, सुनील गौतम, सोनू भरदेले, सपना दुबे, कीर्ति पाठक, श्रीमती कविता कपूर,श्रीमती माया पटेरिया, श्रीमती रानी विश्वकर्मा, सपना पाल, शालिनी लालचंदानी एवं संस्था परिवार ने आभार व्यक्त कर आभार पत्र एवं श्रीफल साल देकर सम्मानित किया।

# पाथ टोल प्लाजा ने कलेक्टर को सौंपी 250 पीपीई किट



**ग्वालियर।** वैश्विक महामारी कोरोना के खिलाफ चल रही लड़ाई में निजी संस्थाएँ एवं समाजसेवी भी योगदान दे रहे हैं। इस कड़ी में आज पाथ इंडिया लिमिटेड टोल प्लाजा द्वारा कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को 250 पीपीई किट सौंपी गईं। साथ ही ऑक्सीमीटर और आयुष काढ़ा मुहैया कराने के लिए भी सहमति दी। इस अवसर पर एडीएम श्री किशोर कन्याल, राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक श्री संजय वर्मा तथा श्री एन एस बरुआ, श्री विशाल राय, श्री परमाल सिंह एवं श्री सुनील यादव उपस्थित थे ।

# मुख्यमंत्री चौहान को राज्य मंत्री कुशवाह ने एग्रो इंडस्ट्री के लाभांश का चैक सौंपा

**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को मंत्रालय में एग्रो इंडस्ट्रीज द्वारा 2 करोड़ 64 लाख 85 हजार 618 रुपए का लाभांश चेक भेंट किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कारपोरेशन की ओर से लाभांश का चेक भेंट किया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री चौहान को निगम की गतिविधियों की जानकारी भी दी। राज्य सरकार के इस सरकारी उपक्रम की कुल प्रदत्त अंश पूंजी 3 करोड़ 29 लाख 49 हजार 800 रुपए है। इसमें राज्य शासन की अंशदान राशि दो करोड़ 9 लाख 49 हजार 800 है और भारत शासन की अंशदान राशि 1 करोड़ 20 लाख रुपए है। निगम ने वर्ष 2017- 18 में 966 .68 करोड़ का व्यवसाय किया है। एग्रो निगम द्वारा निरंतर लाभांश का भुगतान राज्य सरकार को किया जा रहा है। इसके



साथ ही राज्य शासन से प्राप्त ऋ्रण और ब्याज का पूर्ण भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन वर्ष 2017 - 18 की स्थिति में 188.46 करोड़ के संचित लाभ में है। मुख्यमंत्री श्री चौहान को चेक भेंट किए जाने के अवसर पर प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव एवं प्रबंध संचालक एमपी एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन श्रीकांत बनोठ भी उपस्थित थे।

# जेसीआई ग्वालियर आदर्श द्वारा जज़्बा-II पत्रिका का विमोचन



**ग्वालियर(अर्पित गुप्ता)।**

जेसीआई ग्वालियर आदर्श द्वारा पत्रिका का विमोचन किया गया जिसमें अध्याय द्वारा किये गए सभी कार्यो का विवरण दिया गया है साथ ही जेसीआई इंडिया के बारे में भी बताया गया है। पत्रिका का विमोचन में जेसीआई इंडिया मण्डल छ के मण्डल अध्यक्ष जेसी अजय शर्मा, जेसी लष्मन शर्मा (मण्डल उपाध्यक्ष), जेसी अंजली बत्रा (पास्ट नेशनल डायरेक्टर) एवं जेसी विजेता सिंह चौहान (फाउंडर प्रेसिडेंट एवं आई पी पी) द्वारा किया गया। अध्याय अध्यक्ष जेसी विवेक खंडेलवाल एवं जेसी आनंद मिश्रा (एडिटर जज़्बा) ने बताया पत्रिका का मुख्य उद्देश्य जेसीआई ग्वालियर आदर्श में किये जा रहे कार्यो को लोगो तक पहुचाना है अध्याय की पत्रिका उस अध्याय का आईना होती है इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए पत्रिका तैयार की गई है।

# आई.टी.आई. में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**ग्वालियर।** अगस्त 2020 से प्रारंभ होने जा रहे नए शैक्षणिक सत्र के लिये शासकीय एवं निजी आई.टी.आई. में प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया एक जुलाई से जारी है। शासकीय अथवा प्राइवेट आई.टी.आई में प्रवेश के लिए अभ्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग करना अनिवार्य है। प्रदेश में अब तक लगभग 61 हजार 499 रजिस्ट्रेशन तथा 55 हजार 755 अभ्यार्थियों ने च्वाइस फिलिंग की है। मौजूदा इस सत्र में अन्य राज्यों के आवेदकों के लिए भी प्रवेश की व्यवस्था निर्धारित की गई है। एम.पी. ऑनलाइन में रजिस्ट्रेशन, त्रुटि सुधार, इच्छित संस्थाओं में व्यवस्थाओं की प्राथमिकता के क्रम का विकल्प उपलब्ध है। साथ ही च्वाईस फिलिंग में त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल पर व्यवस्था निर्धारित की गई है। इस सत्र में आवेदक 100 विकल्प भर सकते है। प्रवेश की कार्यवाही मेरिट अनुसार निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थी जिसे उसका प्रथम विकल्प आवंटित हुआ है, यदि वह प्रवेश नहीं लेता है तो उसका प्रवेश निरस्त हो जाएगा तथा वह आगे की काउंसिलिंग के लिए पात्र नहीं होगा। प्रदेश में 243 शासकीय तथा 900 प्राइवेट इस प्रकार कुल 1200 आई.टी.आई. है। शासन द्वारा शासकीय आई.टी.आई. में तीन वर्षों से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया लागू है।

# किसान भाई 31 जुलाई तक खरीफ फसलों का बीमा कराएँ

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम अधिसूचित फसलों के बीमा की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2020 है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। कृषक भाई अपनी फसल की प्रीमियम राशि जमा कर योजना का लाभ अवश्य उठायें। जिले में अधिसूचित फसलें जिनमें जिला स्तर पर उड़द एवं मूँग, तहसील स्तर पर ज्वार एवं तिल, पटवारी हल्का स्तर पर धान सिंचित, सोयाबीन, बाजरा का बीमा किए जाने का प्रावधान है।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478